वर्ष : 34 » अंक : 158 » पृष्ठ : 8 » मुंबई, गुरुवार, 14 अगस्त 2025 » RNI: MAHHIN/49994/91 » मूल्य : 3 रुपए » epaper.dobajedopahar.com » संपादक : अरुण लाल

# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## कौन क्या खाए, ये सरकार का काम नहीं : सीएम फडणवीस




## ‘मुझे भी मीडिया से पता चला’



सीएम फडणवीस ने बताया कि उन्हें भी इस आदेश की जानकारी मीडिया से मिली। जब उन्होंने कई नगर निगमों से कारण पूछा, तो अधिकारियों ने 1988 का जीआर और पिछली उद्धव ठाकरे सरकार के आदेश की कॉपी दिखाई। उन्होंने कहा कि इसे जल्द ही सार्वजनिक किया जाएगा। फडणवीस ने कहा कि सरकार के पास करने के लिए और भी काम हैं और वह यह तय नहीं करती कि लोग क्या खाएं। उन्होंने उन बयानों की आलोचना की, जिनमें शाकाहार को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां की गई थीं, और कहा कि हर व्यक्ति को अपनी पसंद का भोजन चुनने का अधिकार है।

**फडणवीस ने 15 अगस्त को मीट बैन विवाद का दोष कांग्रेस पर मढ़ा**

# मीट बैन पर बिगड़ा सियासी जायका

## विपक्ष-बीजेपी आमने-सामने

### पांच नगर निगमों में आदेश जारी

15 अगस्त को मीट बैन का आदेश जारी करने वाले नगर निगमों में कल्याण-डोंबिवली, नागपुर, छत्रपति संभाजीनगर, मालेगांव और नासिक शामिल हैं। इन सभी में स्वतंत्रता दिवस पर बूचड़खाने बंद रखने का निर्देश दिया गया है।

अमित बृज । मुंबई

**महाराष्ट्र में कुछ नगर निगमों द्वारा 15 अगस्त को मीट बिक्री और बूचड़खाने बंद करने के आदेश को लेकर विवाद के बीच मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट किया है कि यह कोई नया नियम नहीं है। उनके अनुसार, 1988 में राज्य सरकार ने इस संबंध में जीआर (सरकारी संकल्प) जारी किया था और तब से हर साल नगर निगम उसी के आधार पर निर्णय लेते हैं।**

### मीट बैन विवाद की टाइमलाइन

- **4 अगस्त** : कल्याण-डोंबिवली नगर निगम ने मीट बैन का आदेश जारी किया।
- **6 अगस्त** : आदेश की प्रेस विज्ञप्ति मीडिया में जारी।
- **10 अगस्त** : एनसीपी नेता जितेंद्र आव्हाड ने आदेश पर सवाल उठाया।
- **11 अगस्त** : नागपुर और छत्रपति संभाजीनगर नगर निगम ने आदेश जारी किया।
- **12 अगस्त** : मालेगांव नगर निगम का आदेश।
- **13 अगस्त** : नासिक नगर निगम ने भी आदेश जारी किया।

## सियासी बयानबाजी

### बड़े शहरों में लागू करना मुश्किल: अजित पवार



“ उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा, 'ऐसा बैन लगाना गलत है। बड़े शहरों में अलग-अलग जाति और धर्म के लोग रहते हैं। अगर यह भावनात्मक मुद्दा है तो लोग एक दिन के लिए मान लेते हैं, लेकिन महाराष्ट्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर ऐसे आदेश लागू करना मुश्किल है।'

### धर्म और राष्ट्रीय हित का मामला नहीं: आदित्य ठाकरे



“ शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने कहा, 'हमारे घर में नवरात्रि में भी प्रसाद में झींगा और मछली होती है, क्योंकि यह हमारी परंपरा है। मीट बैन न तो धर्म का मामला है, न राष्ट्रीय हित का। कल्याण-डोंबिवली के आयुक्त को इस मामले में निलंबित करना चाहिए।'

### खुद फैसला लेना चाहिए : सुप्रिया सुले



“ एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने कहा, 'बीजेपी कह रही है कि मांस पर बैन कांग्रेस काल में शुरू हुआ था। शरद पवार 1995 में मुख्यमंत्री थे, लेकिन 30 साल पुरानी बातों को कब तक आगे बढ़ाओगे? आज की सरकार को खुद निर्णय लेना चाहिए।'

### असंवैधानिक आदेश : ओवैसी




“ AIMIM नेता असदुद्दीन ओवैसी ने पोस्ट कर कहा, 'कई नगर निगमों ने 15 अगस्त को बूचड़खाने और मांस की दुकानें बंद रखने का आदेश दिया है, जो असंवैधानिक है। दुर्भाग्य से, ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम ने भी ऐसा ही आदेश जारी किया है।'

# राहुल गांधी की जान को नहीं है खतरा

▶▶ राहुल से बगैर पूछे दाखिल की गई थी अर्जी, आज वापस ली जाएगी

एजेंसी । पुणे

सावरकर मानहानि केस की सुनवाई के दौरान बुधवार को पुणे की विशेष सांसद/विधायक अदालत में राहुल गांधी के वकील की ओर से एक अर्जी दायर की गई, जिसमें उनकी जान को खतरा होने का दावा किया गया था। अर्जी सामने आते ही मामला सुर्खियों में आ गया। कांग्रेस नेता सुप्रिया सुले ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह अर्जी राहुल गांधी की सहमति के बिना दाखिल की गई थी। उनके वकील आज अदालत से यह लिखित बयान वापस लेंगे।



### अर्जी में दी गई थी सुरक्षा की मांग

अधिवक्ता मिलिंद दत्तात्रय पवार के माध्यम से दायर अर्जी में कहा गया था कि हाल के राजनीतिक टकराव, मानहानि मामले के शिकायतकर्ता सत्यकी सावरकर की वंशावली और उनसे जुड़ी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के चलते राहुल गांधी को नुकसान पहुंचने का खतरा है। अर्जी में “निवारक सुरक्षा” की मांग की गई थी और इसे राज्य का संवैधानिक दायित्व बताया गया था। अर्जी में उल्लेख किया गया था कि शिकायतकर्ता सत्यकी सावरकर ने खुद को नाथूराम गोडसे और गोपाल गोडसे के मातृ पक्ष का सीधा वंशज बताया है।

### भाजपा नेताओं के आरोपों पर अर्जी में आपत्ति

इसमें महात्मा गांधी की हत्या को “योजनाबद्ध हिंसा” बताते हुए यह तर्क दिया गया कि ऐसे ऐतिहासिक संदर्भ के कारण नुकसान या गलत फंसाए जाने की आशंका है। अर्जी में राहुल गांधी के हालिया बयानों का भी उल्लेख था—जैसे संसद में “वोट चोर सरकार” कहना, चुनावी अनियमितताओं के दस्तावेज पेश करना, और भाजपा पर हिंसा व नफरत फैलाने के आरोप लगाना। इसमें केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी के आरोपों के साथ, रवीनीत सिंह बिट्टू और तरविंदर सिंह मारवाह द्वारा दी गई कथित सार्वजनिक धमकियों का भी जिक्र था।

## वसई-विरार के पूर्व आयुक्त अनिल पवार सहित 4 गिरफ्तार

**नालासोपारा।** नालासोपारा पूर्व में अवैध रूप से 41 इमारतों के निर्माण के मामले में ईडी ने वसई-विरार महानगरपालिका के पूर्व आयुक्त अनिल पवार, नगर नियोजन विभाग के पूर्व उप निदेशक वाई.एस. रेड्डी, बिल्डर और बहुजन विकास आघाड़ी के पूर्व नगरसेवक सीताराम गुप्ता व उनके भतीजे अरुण गुप्ता को गिरफ्तार किया है। ईडी के मुताबिक, ये सभी मिलकर घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग का सिंडिकेट चला रहे थे, जिसमें पवार ने परिवारजनों और रिश्तेदारों के नाम पर बेनामी कंपनियां बनाकर घूस की रकम को वैध बनाया। इससे पहले 29 जुलाई को मुंबई, पुणे, नाशिक और सतना में छापेमारी के दौरान 1.33 करोड़ नकद, दस्तावेज और डिवाइस बरामद हुए थे।

# बंद रहेगा कबूतरखाना

धीरज सिंह । मुंबई डीबीडी

▶▶ हाईकोर्ट ने कायम रखा फैसला

▶▶ एक्सपर्ट कमेटी गठित करने का निर्देश



मुंबई में कबूतरखानों पर रोक का विवाद सुलझने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान साफ कर दिया कि कबूतरखाने में दाना डालने पर प्रतिबंध फिलहाल नहीं हटेगा। कोर्ट ने दाना डालने की छूट पर लोगों की राय लेने और इंसानों पर प्रभाव के आकलन के लिए सरकारी कमिटी बनाने को कहा है।

### संक्षेप में पूरा मामला

मुंबई के दादर पश्चिम स्थित ऐतिहासिक कबूतरखाने को बीएमसी ने स्वास्थ्य, स्वच्छता और ट्रैफिक बाधा का हवाला देते हुए तिरपाल से ढककर दाना खिलाने पर रोक लगा दी, जिसके खिलाफ जैन समाज और स्थानीय नागरिकों ने धार्मिक परंपरा पर हमला बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

### कई याचिकाओं पर सुनवाई

बुधवार को एक बार फिर से मुंबई में कबूतरों को दाना खिलाने से संबंधित याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि शहर में कबूतरखानों (कबूतरों के दाना डालने के स्थान) को बंद करने और कबूतरों को दाना खिलाने पर रोक लगाने का बीएमसी का निर्णय जन स्वास्थ्य के व्यापक हित में था, इसलिए इसकी पवित्रता बनाए रखी जानी चाहिए। बीएमसी ने हाईकोर्ट को बताया कि वह कुछ शर्तों के साथ सुबह 6 से 8 बजे के बीच कबूतरों को दाना खिलाने की अनुमति देने को तैयार है। इस पर हाईकोर्ट ने बीएमसी से कहा, आप ऐसा आदेश कैसे जारी कर सकते हैं? पहले आपने जनहित में फैसला लिया, अब एक व्यक्ति कुछ कह रहा है, जिसके बाद आपने अपना फैसला बदल दिया है। आपको कानूनी प्रक्रिया से गुजरना चाहिए।

## ब्रीफ न्यूज़

### मेरा इलाज चल रहा है, इसलिए बंगला नहीं छोड़ा : धनंजय मुंडे

**मुंबई।** पूर्व मंत्री और राकांपा (अजित) विधायक धनंजय मुंडे मंत्री पद छोड़ने के करीब पांच महीने बाद भी सरकारी बंगला खाली न करने को लेकर विवाद में हैं। मुंडे का कहना है कि उनका मुंबई में इलाज चल रहा है और निजी आवास न होने के कारण वह अभी तक बंगले में रह रहे हैं, जिसे अब मंत्री छगन भुजबल को अलॉट किया जा चुका है। उन्होंने नियमों के खिलाफ कब्जा करने के आरोपों को खारिज करते हुए इलाज पूरा होने पर बंगला खाली करने की बात कही। सामाजिक कार्यकर्ता अंजली दमानिया ने उन्हें 48 घंटे में बंगला खाली करने की चेतावनी दी है और किराए की रकम माफ होने पर प्रदर्शन करने की घोषणा की है।



### पुणे पोर्शे केस में पुलिस ने जेजेबी के फैसले को सेशंस कोर्ट में दी चुनौती

**पुणे।** पुणे पुलिस ने पोर्शे कार दुर्घटना मामले में 17 साल के आरोपी को वयस्क के रूप में ट्रायल करने की मांग खारिज करने के जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (JJB) के आदेश को सेशंस कोर्ट में चुनौती दी है। विशेष लोक अभियोजक शिशिर हिराय ने बताया कि 7 अगस्त को सेशंस कोर्ट में अर्जी दायर की गई है। पुलिस का कहना है कि JJB का निर्णय गलत है। यह मामला 19 मई 2024 का है, जब आरोपी नाबालिग ने कथित तौर पर नशे में पोर्शे कार चलाते हुए पुणे के कल्याणी नगर में बाइक को टक्कर मार दी थी, जिसमें मध्य प्रदेश के रहने वाले अश्विनी कोष्ठा और अनीश आवध्य की मौत हो गई थी। घटना के बाद आरोपी को JJB से मिली जमानत और सबूतों से छेड़छाड़ के आरोपों ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया था। मामले में आरोपी के माता-पिता और ससून अस्पताल के डॉक्टरों पर सबूत नष्ट करने व ब्लड सैंपल बदलने का आरोप है।

## मुंबई वासियों को मिलेगी सौगात, दिन-रात खुली रहेगी कोस्टल रोड

मुनीब चौरसिया । मुंबई

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुंबई वासियों को बड़ी सौगात मिलने वाली है। मुंबई कोस्टल रोड परियोजना पर बनाया गया 5.25 किलोमीटर लंबी सैरगाह और चार पैदल यात्री अंडरपास को शुक्रवार से जनता के लिए खोल दिया जाएगा। साथ ही कोस्टल रोड अब दिन-रात वाहनों की आवाजाही के लिए खुली रहेगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस गुरुवार को इसका उद्घाटन करेंगे। वर्तमान में कोस्टल रोड सुबह 7 से रात 12 बजे तक यातायात के लिए खुली रहती है। अब शुक्रवार की मध्यरात्रि के बाद से 24 घंटे यातायात के लिए खुली रहेगी। सैरगाह में प्रवेश मुफ्त होगा। विभिन्न स्थानों पर हरियाली विकसित की गई है। यहां दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर व अलग से रैंप की व्यस्था की गई है। साइकिल ट्रैक भी बनाया गया है। विभिन्न प्रकार के फूलदार, सजावटी पेड़ और समुद्र तट पर उगने वाले पेड़ लगाए गए हैं। यह पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र होगा। कोस्टल रोड पर बनाए गए अंडरपास संख्या 4 तक पहुंचने के लिए भूलाभाई देसाई रोड स्थित आकृति पार्किंग भवन से प्रवेश किया जा सकेगा।



## धोखाधड़ी मामले में पूर्व विधायक और पत्नी बरी

**मुंबई।** मुंबई में धोखाधड़ी के एक मामले में शिवसेना (शिंदे) के नेता और पूर्व विधायक रविंद्र फाटक, उनकी पत्नी समेत 11 आरोपियों को गिरगांव मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। इन पर एक रियल एस्टेट परियोजना में 26 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी, विश्वासघात और आपराधिक षड्यंत्र का आरोप था। मामला 2015 में व्यवसायी प्रेम सरोगी की शिकायत पर एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ था, जो ठाणे के माजीवाड़ा में जमीन के सौदे से जुड़ा था।

# वर्ली बीडीडी चॉल में रहने वाले लोगों के घरों का इंतजार खत्म

**पहले चरण में 556 पुनर्वास फ्लैटों का वितरण आज**



दीपक पवार । मुंबई डीबीडी


पिछले कई वर्षों से वर्ली की बीडीडी चॉल में रहने वाले सैकड़ों लोगों के घरों का इंतजार खत्म होने जा रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में 556 लाभार्थियों को एक कार्यक्रम में घरों की चाबी सौंपी जाएगी। इस कार्यक्रम के लिए वर्ली के स्थानीय विधायक और शिवसेना (उद्धव) नेता आदित्य ठाकरे को निमंत्रण दिया गया है।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस पुनर्वास भवन

पुनर्वास फ्लैटों में विट्रिफाइड टाइल्स, ग्रेनाइट किचन, ब्रांडेड प्लंबिंग फिटिंग, एल्युमीनियम विंडो, अग्नि सुरक्षा प्रणाली, तीन लिफ्ट (एक स्ट्रेचर और एक फायर लिफ्ट सहित) जैसी सुविधाएँ होंगी। प्रत्येक फ्लैट धारक को एक पार्किंग स्पेस मिलेगा, जबकि पोडियम के ऊपर उद्यान, वर्षा जल संचयन और सीवेज ट्रीटमेंट की सुविधाएँ भी उपलब्ध होंगी।

### 9,689 निवासियों का होगा पुनर्वास

म्हाडा के मुंबई आवास एवं क्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा संचालित इस परियोजना के तहत 121 पुरानी चॉलों के 9,689 निवासियों का पुनर्वास किया जाएगा। पहले 160 वर्ग फुट में रहने वाले पात्र परिवारों को अब स्वामित्व के आधार पर 500 वर्ग फुट कालीन क्षेत्र वाला 2 बीएचके फ्लैट नि:शुल्क मिलेगा। कुल 34 पुनर्वास भवन बनाए जाएंगे, प्रत्येक 40 मंज़िला ऊँचाई के साथ।



न्यूज़ ब्रीफ

## मुंबई से कोंकण के लिए नि:शुल्क विशेष गणपति मोदी एक्सप्रेस ट्रेनें

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बंदरगाह विकास मंत्री नितेश राणे ने बुधवार को घोषणा की कि गणेशोत्सव के अवसर पर मुंबई से कोंकण तक दो विशेष गणपति मोदी एक्सप्रेस ट्रेनें चलाई जाएंगी। इन ट्रेनों में यात्रियों को मुफ्त यात्रा, भोजन और पानी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे अपने गृहनगर आराम से पहुंच सकें। नितेश राणे ने बताया कि विशेष ट्रेनें 23 और 24 अगस्त को सुबह 11 बजे दादर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करेंगी। इनमें से 23 अगस्त को चलने वाली ट्रेन रत्नागिरी और कुडाल में रुकते हुए सावंतवाड़ी पहुंचेगी। राणे ने कहा कि कोंकण क्षेत्र भगवान गणेश के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गणेश चतुर्थी का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाता है। इस दौरान मुंबई और ठाणे से हजारों लोग अपने गांव लौटते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भाजपा की ओर से इन विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की गई है।

## 'सहकार समृद्धि पैनल' होगा विजयी: लाड

**मुंबई।** दि बेस्ट एम्प्लॉइज को-ऑप. क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड के संचालक मंडल के पंचवार्षिक चुनाव (सन् 2025 से 2030) के मद्देनजर श्रमिक उत्कर्ष सभा के नेतृत्व में 'सहकार समृद्धि पैनल' के समर्थन में विधायक प्रसाद लाड और विधायक प्रविण दरेकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में महत्वपूर्ण मुद्दे रखे। इस पैनल में समर्थ बेस्ट कामगार संघटना, बेस्ट राष्ट्रीय कर्मचारी सेना, द इलेक्ट्रिक यूनियन, एससी-एसटी वेलफेयर एसोसिएशन और बहुजन एम्प्लॉईज युनियन एक साथ चुनाव लड़ रहे हैं। लाड ने कहा कि पतपेढी के चुनाव में सभी समाज घटकों के प्रतिनिधियों को साथ लेकर संस्था का संरक्षण और विकास ही हमारा एकमात्र उद्देश्य है। यह चुनाव किसी पार्टी का नहीं, बल्कि सहकार क्षेत्र में काम करने वाले कार्यकर्ताओं का होता है। संस्था बचेगी तो ही सहकार बचेगा। बेस्ट कर्मचारियों को हर का घर दिलाना और उनके बच्चों को नौकरी के अवसर उपलब्ध कराना मेरा पक्का संकल्प है।

## रेलवे ट्रैक पर मिली लाश

**अंबरनाथ।** कर्जत खंड के अंतर्गत आने वाले अंबरनाथ तथा बदलापुर रेलवे स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति के कट जाने की घटना के चलते बुधवार की सुबह लगभग 35 मिनट रेल सेवा बाधित हुई। घटना करीब 8 बजे की है। कर्जत से मुंबई जाने वाली लोकल ट्रेन इस वजह से 35 मिनट देरी से चली। इसके कारण बदलापुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई थी। इसके बाद पूरे दिन लोकल ट्रेनों का शेड्यूल बाधित रहा। यह ठीक से पता नहीं चल पाया है कि यह व्यक्ति रेलवे ट्रैक पर कैसे आया। रेलवे कर्मचारियों ने उसे उठाया और बदलापुर ग्रामीण उप-जिला अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया है। इस घटना से सुबह के समय कर्जत से मुंबई जाने वाली कुछ लोकल सेवा प्रभावित हुई वी देरी से चली।

# सौर ऊर्जा में महाराष्ट्र की बड़ी छलांग

### घरेलू उपभोक्ताओं ने पार किया 1,000 मेगावाट का आंकड़ा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई 'प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' के तहत महाराष्ट्र में घरेलू उपभोक्ताओं की रूफटॉप सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 1,000 मेगावाट (1 गीगावाट) के आंकड़े को पार कर गई है। यह उपलब्धि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर हासिल हुई है। महावितरण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक लोकेश चंद्रा ने इस सफलता के लिए उपभोक्ताओं, अधिकारियों, कर्मचारियों और आपूर्तिकर्ताओं को बधाई दी।

#### जिलों में नागपुर अव्वल

रूफटॉप सौर ऊर्जा उत्पादन में नागपुर जिला 40,152 लाभार्थी उपभोक्ताओं और 157 मेगावाट क्षमता के साथ राज्य में पहले स्थान पर है। इसके बाद पुणे (19,195 ग्राहक, 89 मेगावाट), जलगाँव (18,892 ग्राहक, 70 मेगावाट), अमरावती (15,245 ग्राहक, 63 मेगावाट), छत्रपति संभाजीनगर (16,664 ग्राहक, 59 मेगावाट) और नासिक (15,468 ग्राहक, 55 मेगावाट) का स्थान आता है।

#### योजना से मुफ्त बिजली और अतिरिक्त आय का लाभ



योजना का उद्देश्य घरेलू उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना और अतिरिक्त बिजली बेचकर आय का अवसर देना है। फरवरी 2024 में केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत राज्य में अब तक ढाई लाख से अधिक उपभोक्ता रूफटॉप सौर परियोजनाएं स्थापित कर चुके हैं। इनकी संयुक्त क्षमता 1,000 मेगावाट तक पहुंच गई है और केंद्र सरकार ने इन उपभोक्ताओं के लिए 1,870 करोड़ रुपये की सब्सिडी मंजूर की है।

#### 15 अगस्त को सौर ऊर्जा जागरूकता अभियान

स्वतंत्रता दिवस पर पूरे देश में सौर ऊर्जा उपयोग को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। महाराष्ट्र में 1,000 मेगावाट का लक्ष्य पार करना, हरित ऊर्जा की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

#### राज्य सरकार की प्राथमिकता में योजना का क्रियान्वयन

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने योजना को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं, वहीं ऊर्जा राज्य मंत्री मेघना साकोरे बोर्डिकर के मार्गदर्शन में महावितरण राज्यभर में इसका सफल क्रियान्वयन कर रहा है। इससे महाराष्ट्र, योजना के क्रियान्वयन में देश का अग्रणी राज्य बन गया है।

# एक्साइड इंडस्ट्रीज के बर्खास्त कर्मचारियों पर 10 दिन में निर्णय ले प्रबंधन : बनसोडे

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



विधानसभा उपाध्यक्ष अन्ना बनसोडे ने निर्देश दिया है कि चिंचवड़ स्थित एक्साइड इंडस्ट्रीज के बर्खास्त कर्मचारियों को पुनः काम पर रखने के संबंध में कंपनी प्रबंधन 10 दिनों के भीतर निर्णय ले। इस मुद्दे पर मंगलवार को विधानसभा में एक्साइड प्रबंधन और श्रमिक संघ के बीच बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपाध्यक्ष बनसोडे ने की।

#### दो-तीन वर्षों से नौकरी से बाहर, बिना मुआवजे

बैठक में पिंपरी चिंचवड़ के सहायक पुलिस आयुक्त सचिन हिरे, पुणे के अतिरिक्त श्रम आयुक्त बालासाहेब वाघ, उपायुक्त निखिल वाल्के, सहायक श्रम आयुक्त गजानन शिंदे, सेल अधिकारी संदीप पाटिल, कंपनी प्रतिनिधि संतोष चव्हाण और कर्मचारी उपस्थित थे। बनसोडे ने कहा कि कंपनी ने विभिन्न कारणों से 10 कर्मचारियों को दो-तीन साल पहले नौकरी से हटा दिया था और कोई मुआवजा भी नहीं दिया गया। इससे प्रभावित श्रमिक लगातार विरोध और भूख हड़ताल कर रहे थे।

#### स्थानांतरण के बजाय स्थानीय बहाली की मांग

कंपनी प्रबंधन ने सुझाव दिया कि इन कर्मचारियों को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जा सकता है, लेकिन श्रमिकों की सेवानिवृत्ति नजदीक होने के कारण यह संभव नहीं है। उपाध्यक्ष बनसोडे ने कहा कि निर्णय लेते समय श्रमिकों की उम्र, बीते दो सालों से चली आ रही बेरोजगारी और वित्तीय नुकसान को ध्यान में रखा जाए, ताकि उनका पुन:स्थापन शीघ्र हो सके।

# त्योहारों में मिलेंगे शुद्ध व स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ

### ठाणे एफडीए का विशेष निरीक्षण अभियान शुरू

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

त्योहारों के दौरान नागरिकों को शुद्ध, पौष्टिक और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए ठाणे संभाग के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FDA) ने विशेष निरीक्षण अभियान शुरू किया है। राज्य के खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि ज़िरवाल के निर्देशानुसार, यह अभियान 11 से 18 अगस्त तक चलेगा और इसके बाद हर महीने भी जारी रहेगा।

#### मिठाई व कच्चे माल की होगी जांच



अभियान के तहत मिठाई बनाने में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल—दूध, मावा, तेल, आटा, घी आदि की जांच की जाएगी। रसोई और बर्तनों की साफ-सफाई, कारीगरों की स्वच्छता और ताजा मावा के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी मिलने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 और नियम 2011 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

#### प्रशासन, पुलिस व उपभोक्ता संगठनों का सहयोग

संयुक्त आयुक्त श्रीकांत करकले के मार्गदर्शन में इस अभियान को सफल बनाने के लिए उपभोक्ता संरक्षण संगठन के गजानन पाटिल, आयुक्त, सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, पुलिस प्रशासन, जिला कलेक्टर और मनपा आयुक्त का सहयोग लिया जा रहा है। श्रीकांत करकले ने मिठाई विक्रेताओं को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

# स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले में महाराष्ट्र के 15 सरपंच विशेष अतिथि

### नौ महिला सरपंच भी शामिल, केंद्र सरकार करेगी सम्मानित

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

15 अगस्त को लाल किले पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में देशभर के 28 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 210 ग्राम पंचायत सरपंच विशेष अतिथि होंगे। इनमें महाराष्ट्र के 15 सरपंच शामिल हैं, जिनमें नौ महिला सरपंच भी हैं। इन्हें केंद्र सरकार के पंचायती राज विभाग की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

#### कार्यक्रम में होंगे केंद्रीय मंत्री और विशेष घोषणाएं



लाल किले पर आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह 'ललन सिंह', केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर "आत्मनिर्भर पंचायत, विकसित भारत की पहचान" विषय पर आधारित एआई-आधारित 'सभा सार' ऐप का शुभारंभ और 'ग्रामोदय संकल्प' पत्रिका के 16वें अंक का विमोचन भी किया जाएगा।

#### ग्रामीण विकास में लाए उल्लेखनीय सुधार

सम्मानित होने वाले सरपंचों ने अपने गाँवों में बुनियादी ढाँचे, सार्वजनिक सेवाओं और समावेशी पहलों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। 'हर घर जल', 'प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण' और 'मिशन इंद्रधनुष' जैसी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन करने के साथ स्थानीय जरूरतों के मुताबिक नई पहलें भी लागू की गई हैं।

#### महाराष्ट्र के चयनित सरपंचों की सूची

प्रमोद नरहरि लोंढे (सोलापुर), जयश्री धनंजय इंगोले (नागपुर), संदीप पांडुरंग ढेरंगे (पुणे), डॉ. अनुप्रिता सचिन भांडे (अकोला), नयना अशोक भुसारे (ठाणे), सुनीता दत्तात्रय मिटकारी (वाशिम), अपर्णा नितिन राऊत (गढ़चिरौली), संजीवनी वैजनाथ पाटिल (अहिल्यानगर), चंद्रकुमार काशीराम बाहेकर (गोंदिया), रोमिला रामेश्वर बिसेन (भंडारा), सूरज संतोष चव्हाण (रत्नागिरी), पार्वती शेषराव हरकल (परभणी), प्रमोद किसन जगदाले (सतारा), शशिकांत माधवराव मांगले (अमरावती), प्रभाती राजकुमार बिराजदार (लातूर)।

# 15 अगस्त को पुनर्निर्मित राम गणेश गडकरी रंगायतन का भव्य उद्घाटन

### उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे करेंगे लोकार्पण

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे के सांस्कृतिक गौरव, राम गणेश गडकरी रंगायतन के पुनर्निर्मित भवन का उद्घाटन स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त 2025 को सुबह 11 बजे होगा। समारोह में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मुख्य अतिथि होंगे, जबकि वरिष्ठ रंगकर्मी सुहास जोशी विशेष उपस्थिति दर्ज कराएंगे। कार्यक्रम में वन मंत्री गणेश नाईक, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, सांसद नरेश म्हस्के, विधायक डॉ. जितेंद्र आव्हाड, विधायक संजय केलकर, विधायक राजेश मोरे और विधायक एडवोकेट निरंजन डावखरे शामिल होंगे। इस अवसर पर युवा कलाकारों द्वारा लोकसंगीत आधारित विशेष कार्यक्रम 'लोकलोक' भी प्रस्तुत किया जाएगा।

#### जीर्णोद्धार के लिए राज्य सरकार से 31 करोड़ रुपये की सहायता




उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री रहते हुए गडकरी रंगायतन के जीर्णोद्धार के लिए 31 करोड़ रुपये की निधि राज्य सरकार से स्वीकृत की थी। मनपा आयुक्त सौरभ राव के मार्गदर्शन में इस राशि से रंगायतन के पुराने ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सभी तकनीकी और आंतरिक प्रणालियों को पूरी तरह अपग्रेड किया गया है।

#### 26 साल बाद हुआ व्यापक पुनर्निर्माण

1978 में निर्मित गडकरी रंगायतन का पहला बड़ा मरम्मत कार्य 1998 में हुआ था। इसके बाद 26 साल बाद, अक्टूबर 2024 में पुनर्निर्माण कार्य शुरू किया गया। इस दौरान नगर निगम ने कलाकारों, निर्देशकों और निर्माताओं से चर्चा कर उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रंगमंच के स्वरूप में बड़े बदलाव किए।

# आमा अध्यक्ष के बयान पर बवाल

### भूमिपुत्रों ने मार्च निकालकर जताया विरोध

डीबीडी संवाददाता | अंबरनाथ



अतिरिक्त अंबरनाथ निर्माण संघ (आमा) के अध्यक्ष उमेश तायड़े के विवादित बयान ने स्थानीय 'भूमिपुत्रों' को नाराज़ कर दिया है। तायड़े ने आरोप लगाया था कि अंबरनाथ एमआईडीसी में दलालों की भरमार है, स्थानीय उद्यमियों को परेशान किया जा रहा है, और एमआईडीसी के प्लॉट बाजार मूल्य से चार-पांच गुना ज़्यादा दामों पर बेचे जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि स्थानीय लोगों के उत्पीड़न के कारण कई कंपनियां राज्य से बाहर जा रही हैं। तायड़े के बयान को स्थानीय लोगों ने अपमानजनक बताते हुए बुधवार को होटल सुदामा से आमा कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला। सामाजिक कार्यकर्ता नरेश गायकर के नेतृत्व में हुए इस मार्च में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। मार्च के दौरान भारी पुलिस बंदोबस्त किया गया था। मार्च में शामिल भूमिपुत्रों ने तायड़े के खिलाफ मामला दर्ज करने और आमा संगठन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। विरोध के बीच तायड़े ने अपने बयान पर खेद जताते हुए भूमिपुत्रों से माफ़ी मांगी। विरोध प्रदर्शन में विधायक डॉ. बालाजी किणीकर समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और स्थानीय हितों की रक्षा की मांग उठाई।

# एक वर्ष बाद सुलझा हत्या का मामला

### मौसी और काका गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

कल्याण में चार वर्षीय बालिका की हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने एक साल बाद उसकी मौसी और काका को रायगढ़ जिले के भिवपुरी के पास स्थित चिंचवली से गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई कोलसेवाड़ी पुलिस की सतर्कता और डीसीपी अतुल झेंडे के मार्गदर्शन में हुई।

#### जेल में था पिता, मावशी के पास थी बच्ची की जिम्मेदारी



बालिका का पिता राहुल घाडगे एक आपराधिक मामले में जेल में बंद था, जिसके कारण उसकी देखभाल के लिए उसे मौसी अपर्णा अनिल मकवाना उर्फ अपर्णा प्रथमेश कांबरी के पास भेजा गया था। अपर्णा अपने पति प्रथमेश प्रवीण कांबरी के साथ चिंचवली में रहती थी। जांच में खुलासा हुआ कि बच्ची अज्ञानता के कारण घर में कहीं भी शौच कर देती थी। बार-बार समझाने के बाद भी सुधार न होने पर, एक दिन प्रथमेश ने गुस्से में उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। चोटों के कारण बच्ची की मौत हो गई।

#### मृतदेह बोरे में डालकर फेंका

आरोपियों ने शव को बोरे में डालकर उसके चारों ओर गद्दी लपेटी और रात के समय चिंचवली के एक निर्जन स्थान पर फेंक दिया। यह जानकारी खुद आरोपी दंपती ने पूछताछ के दौरान पुलिस को दी, जिसे सुनकर अधिकारी भी स्तब्ध रह गए।

#### गुप्त सूचना पर दबोचे गए आरोपी

पिछले वर्ष बच्ची के अपहरण की शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही थी। हाल ही में पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी दंपती अपने घर लौटे हैं। घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार किया गया और अदालत ने दोनों को पुलिस हिरासत में भेज दिया।

# अवैध हुक्का पार्लर पर छापा, 8 आरोपी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर के महात्मा फुले नगर में अवैध रूप से चल रहे हुक्का पार्लर पर हिललाइन पुलिस ने देर रात छापा मारकर आठ लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों में पार्लर चलाने वाले दो भाई और छह ग्राहक शामिल हैं।

#### घर में चल रहा था हुक्का कारोबार

पुलिस के मुताबिक, पवन माने और उसका भाई विशाल शांताराम माने (20) अपने घर में खाड़ीमशीन के पास हुक्का पार्लर चला रहे थे। 12 अगस्त की रात करीब 10:55 बजे पुलिस ने मौके पर छापा मारा, जहां छह युवक हुक्का पीते हुए पकड़े गए।

#### 250 में परोसा जा रहा था हुक्का



जांच में सामने आया कि आरोपी प्रत्येक हुक्का पॉट के लिए ग्राहकों से 250 वसूल रहे थे। पुलिस ने मौके से पवन माने, विशाल माने और ग्राहकों—मयूर अनिल खत्री (23), नितिन दयाल शामदाशानी (27), कुणाल विष्णुमल दौडेजा (25), ओम सुरेश लुंड (22), बंटी मुरलीधर अगीचा (27) और तुषार मनोहरलाल खटवानी (23) को गिरफ्तार किया।

#### तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज

सभी आरोपियों के खिलाफ सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का निषेध एवं व्यापार, आपूर्ति और वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003 की धारा 4ए और 21ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके के अवैध कारोबारियों में खलबली मच गई है।

# एलटीटी मुंबई से वेलनकन्नी के बीच चलेगी 4 विशेष ट्रेनें

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

वेलनकन्नी त्यौहार 2025 में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मध्य रेल ने एलटीटी मुंबई और वेलनकन्नी के बीच चार विशेष ट्रेन सेवाएं चलाने की घोषणा की है।

#### पहला सेट: 26 अगस्त और 28 अगस्त 2025

01161 एलटीटी मुंबई–वेलनकन्नी विशेष: मंगलवार, 26 अगस्त 2025 को दोपहर 13:00 बजे एलटीटी से प्रस्थान, तीसरे दिन (गुरुवार) सुबह 03:00 बजे वेलनकन्नी आगमन। 01162 वेलनकन्नी–एलटीटी मुंबई विशेष: गुरुवार, 28 अगस्त 2025 को सुबह 06:00 बजे वेलनकन्नी से प्रस्थान, अगले दिन (शुक्रवार) 16:20 बजे एलटीटी आगमन।

01163 एलटीटी मुंबई–वेलनकन्नी विशेष: रविवार, 7 सितंबर 2025 को दोपहर 13:00 बजे एलटीटी से प्रस्थान, तीसरे दिन (मंगलवार) सुबह 03:00 बजे वेलनकन्नी आगमन। 01164 वेलनकन्नी–एलटीटी मुंबई विशेष: मंगलवार, 9 सितंबर 2025 को सुबह 06:00 बजे वेलनकन्नी से प्रस्थान, अगले दिन (बुधवार) 16:20 बजे एलटीटी आगमन।


सभी ट्रेनों में 2 वातानुकूलित 2-टियर, 6 वातानुकूलित 3-टियर, 12 शयनयान श्रेणी, 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सेकंड सीटिंग कम गार्ड ब्रेक वैन कोच होंगे।

# बॉम्बे हाई कोर्ट में तीन एडिशनल जजों की नियुक्ति

## भाजपा की एक पूर्व प्रवक्ता भी हैं शामिल

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

केंद्र सरकार ने बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में तीन वकीलों को अतिरिक्त जज के रूप में नियुक्त किया है। इनमें महाराष्ट्र भाजपा की पूर्व प्रवक्ता आरती अरुण साठे भी शामिल हैं। कानून मंत्रालय की तरफ से जारी जानकारी के अनुसार, जिन तीन वकीलों को यह जिम्मेदारी दी गई है, उनके नाम अजीत भगवान राव कडेठंकर, सुशील मनोहर घोडेस्वर, आरती अरुण साठे हैं। बता दें कि आरती साठे पहले महाराष्ट्र भाजपा की प्रवक्ता रह चुकी हैं। अब उन्हें न्यायपालिका की सेवा में नियुक्त किया गया है।



### क्यों नियुक्त होते हैं अतिरिक्त जज?

अतिरिक्त जजों की नियुक्ति आमतौर पर दो साल के लिए की जाती है। इस दौरान उनके काम और योग्यता का मूल्यांकन किया जाता है। इसके बाद, यदि सब कुछ ठीक रहता है, तो उन्हें स्थायी जज के रूप में भी पदोन्नत कर दिया जाता है। इन नियुक्तियों से बॉम्बे हाईकोर्ट में लंबित मामलों के निपटारे में तेजी आने की उम्मीद है।

### कौन हैं आरती अरुण साठे?

बॉम्बे हाईकोर्ट की अधिवक्ता रहीं आरती साठे को फरवरी 2023 में महाराष्ट्र भाजपा का प्रवक्ता नियुक्त किया गया था। इससे पहले वें मुंबई भाजपा की कानूनी सेल की प्रमुख भी थीं। हालांकि, जनवरी 2024 में उन्होंने निजी और पेशेवर कारणों का हवाला देते हुए प्रवक्ता पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दोनों से इस्तीफा दे दिया। उनकी इस नियुक्ति की सिफारिश सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 28 जुलाई को की, जिसमें उनके साथ एडवोकेट अजीत भगवान राव कडेठंकर और सुशील मनोहर घोडेस्वर को भी बॉम्बे हाईकोर्ट का जज नियुक्त करने का प्रस्ताव शामिल था।

### विपक्ष दल के नेताओं ने सवाल उठाए

आरती अरुण साठे की नियुक्ति पर राज्य में विपक्ष दल के नेताओं ने सवाल उठाए थे। एनसीपी (एसपी) के विधायक रोहित पवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक स्क्रीनशॉट साझा करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी की प्रवक्ता रही एक व्यक्ति की जज के रूप में नियुक्ति निष्पक्षता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल उठाती है।

# गणेशोत्सव मंडल 'ऑपरेशन सिंदूर' पर करें जागरूकता : CM फडणवीस



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई में बुधवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों से 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से भारत की सामरिक शक्ति और स्वदेशी उत्पादों के महत्व पर जागरूकता फैलाने की अपील की। सह्याद्री अतिथि गृह में गणेशोत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक में उन्होंने मंडलों को प्रशासन के साथ समन्वय कर पर्व को शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाने का आग्रह किया।

सीएम फडणवीस ने मूर्ति निर्माताओं को लाइसेंस नवीनीकरण समय पर करने और नगर निगम की कंप्यूटर-आधारित एकल-खिड़की योजना का लाभ उठाने की सलाह दी। उन्होंने गणेश मूर्तियों के विसर्जन के लिए कृत्रिम झीलों की संख्या बढ़ाने और समुद्र में ऊंची मूर्तियों के विसर्जन हेतु नावों की व्यवस्था बढ़ाने के निर्देश दिए।

### गणेशोत्सव को मिला राजकीय उत्सव का दर्जा

फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार ने गणेशोत्सव को राजकीय उत्सव का दर्जा दिया है और इसके लिए विस्तृत योजना बनाई गई है। पिछले वर्ष गणेशोत्सव मंडलों को दी गई सभी रियायतें इस वर्ष भी लागू रहेंगी। उन्होंने पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और ईद-ए-मिलाद के साथ आने वाले इस अवसर पर धार्मिक सौहार्द का पालन करने पर जोर दिया।

### बैठक में मौजूद रहे वरिष्ठ अधिकारी

बैठक में उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, गृह राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर और योगेश कदम, मुख्य सचिव राजेश कुमार, पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला, मुंबई पुलिस आयुक्त देवेन भारती, बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी और सार्वजनिक गणेशोत्सव समन्वय समिति के अध्यक्ष गणेश दहीबावकर मौजूद रहे।

# अजित पवार बीजेपी छोड़ें तो साथ आने पर विचार संभवः रोहित पवार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के नेता और अजित पवार के भतीजे रोहित पवार ने बुधवार को कहा कि अगर उप मुख्यमंत्री अजित पवार भाजपा का साथ छोड़ देते हैं, तो उनके साथ फिर से जुड़ने पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे भाजपा और उसकी विचारधारा के खिलाफ हैं। एक न्यूज चैनल से बातचीत में रोहित पवार ने कहा, 'अगर अजित पवार भाजपा के साथ रहते हैं, तो हम एक नहीं हो सकते। लेकिन अगर वे भाजपा छोड़ते हैं और प्रगतिशील विचारधारा की ओर आते हैं, तो सभी पदाधिकारियों से चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।' रोहित पवार भंडारा में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) की 'मंडल यात्रा' में शामिल हुए थे, जिसका उद्देश्य ओबीसी समुदाय को जोड़ना है। अजित पवार ने 2023 में अपने चाचा शरद पवार से अलग होकर महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल होने का फैसला लिया था, जिससे दोनों गुटों में राजनीतिक दूरी बन गई।

# दादर में टैक्सी पर गिरा पेड़

- सलमान खान घायल
- एक व्यक्ति को हार्ट अटैक

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई के दादर पश्चिम में बुधवार सुबह शिवाजी पार्क के एलजे रोड स्थित शोभा होटल के पास एक बड़ा पेड़ अचानक गिर गया। पेड़ एक चलती टैक्सी पर गिरा, जिसमें चालक सलमान खान (35) गंभीर रूप से घायल हो गया। टैक्सी में सवार एक अन्य यात्री को मामूली चोटें आईं, जबकि घटना देख रहे पास की इमारत में खड़े एक व्यक्ति को हार्ट अटैक आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय न तो बारिश हो रही थी और न ही तेज हवाएं चल रही थीं। पेड़ की टहनियां टैक्सी चालक के शरीर में धंस गईं, जिससे वह खून से लथपथ हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे बाहर निकालकर बांद्रा के भाभा अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।



### मनपा की लापरवाही पर उठे सवाल

सूचना मिलने पर दमकल विभाग और बीएमसी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। पेड़ की टहनियां काटकर सड़क को यातायात के लिए साफ किया गया। स्थानीय लोगों और नेताओं ने बीएमसी पर लापरवाही का आरोप लगाया है। कहा जा रहा है कि पेड़ अंदर से खोखला हो चुका था, लेकिन समय रहते इसे नहीं काटा गया। मनसे नेता और पूर्व नगरसेवक मनीष चव्हाण ने आशंका जताई कि शहर में ऐसे कई खतरनाक पेड़ मौजूद हैं, जिन्हें विशेषज्ञों की देखरेख में सर्वे कर तुरंत हटाना चाहिए ताकि जनहानि रोकी जा सके।

# 4,325 लावारिस वाहनों पर कार्रवाई

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



मुंबई महानगरपालिका ने शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए लावारिस और कबाड़ वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। 13 अगस्त तक 4,325 ऐसे वाहनों की पहचान कर कार्रवाई की गई, जिनमें 3,153 वाहन मालिकों को धारा 314 के तहत नोटिस जारी हुई, जबकि 1,927 कबाड़ वाहनों को 'टो' करके ठेकेदार के यार्ड में भेजा गया। वाहन मालिकों को नोटिस मिलने के बाद 72 घंटे में वाहन हटाना जरूरी है, अन्यथा वाहन को ठेकेदार के यार्ड में पहुंचा दिया जाता है। 30 दिनों के भीतर जुर्माना भरकर वाहन वापस लिया जा सकता है, अन्यथा उसका निपटान कर दिया जाता है और फिर कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाता। मुंबई मनपा के अनुसार, सार्वजनिक स्थानों पर लंबे समय से खड़े जर्जर वाहनों के निपटान के लिए विशेष नीति लागू है। इसके तहत शहर, पूर्वी उपनगर और पश्चिमी उपनगर में पहचान और टोइंग के लिए तीन ठेकेदार कंपनियों को जिम्मेदारी दी गई है।

### पश्चिमी उपनगरों में सबसे ज्यादा मामले

**क्षेत्रवार कार्रवाई का ब्योरा**

- मुंबई शहर में 833 लावारिस वाहन मिले, जिनमें 502 पर नोटिस और 147 की टोइंग की गई।
- पूर्वी उपनगरों में 1,440 वाहन पाए गए, इनमें 1,130 को नोटिस और 740 को टो किया गया।
- पश्चिमी उपनगरों में सबसे अधिक 2,052 वाहन मिले, जिनमें 1,521 पर नोटिस और 1,040 की टोइंग हुई।

# डीएचएफएल फर्जी लोन घोटाले में सेबी की बड़ी कार्रवाई

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बाजार नियामक सेबी ने 181 पन्नों की जांच रिपोर्ट में खुलासा किया कि 14,040.50 करोड़ रुपए के बिना गारंटी वाले ऋणों को फर्जी तरीके से खुदरा आवास कर्ज के रूप में दर्ज किया गया। इसके लिए एक नकली 'बांद्रा शाखा' बनाई गई, बंद हो चुके ऋण खातों का इस्तेमाल हुआ और तीन अलग-अलग लेखा सॉफ्टवेयर के जरिए रिकॉर्ड में हेरफेर किया गया। सेबी के अनुसार, इस धोखाधड़ी के मुख्य सूत्रधार कपिल और धीरज वधावन थे, जबकि राकेश और सारंग भी इसमें शामिल पाए गए। जांच में सामने आया कि डीएचएफएल ने 39 बीबीई कंपनियों को 5,662.44 करोड़ रुपए के ऋण दिए, जिनमें से 40% राशि प्रवर्तकों से जुड़ी अन्य 48 इकाइयों को भेजी गई। सेबी ने कपिल और धीरज को प्रतिभूति बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया, जबकि राकेश और सारंग पर चार साल तथा मेहता और शर्मा पर तीन साल की रोक लगाई गई। साथ ही, कपिल और धीरज पर 27-27 करोड़, राकेश और सारंग पर 20.75-20.75 करोड़, मेहता पर 11.75 करोड़ और शर्मा पर 12.75 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया।




## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

(सीवरेज संचालन विभाग)

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा आईडी | 2025_ एमसीजीएम _1209872 |
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका |
| विषय | **ई.ई. यांत्रिकी (एम.एस.) ई.एस. अनुभाग में विभिन्न स्थानों का विद्युतीकरण, मुख्य ई. (एस.ओ.) के अंतर्गत** |
| निविदा संवीक्षा शुल्क | **रु. 1,452/-+(18% जीएसटी) = 1,714/-** |
| ई-निविदा की लागत (अनुमानित लागत) | (निविदा मद दर) |
| बोली सुरक्षा जमा/ईएमडी | **रु. 9,000/-** |
| निविदा जारी करने और बिक्री की तिथि | 14.08.2025 प्रातः 11:00 बजे से |
| पैकेट A, B और पैकेट C ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि और समय (बोली सुरक्षा जमा की प्राप्ति) | 20.08.2025 सायं 16:00 बजे तक |
| पैकेट A और B का उद्घाटन | 21.08.2025 सायं 16:10 बजे के बाद |
| पैकेट C का उद्घाटन | पैकेट 'A' और 'B' के मूल्यांकन के बाद |
| संचार हेतु पता | **उप मुख्य ई. (एस.ओ.) पी एंड एम एस सब्स, वर्सोवा पंपिंग परिसर, जंक्शन जे.पी. रोड और रिलीफ रोड, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई 400 053** |
| बोली खोलने का स्थान | **ई. ई. यांत्रिकी (एम.एस.) ई.एस., पुराना घाटकोपर पंपिंग स्टेशन, शॉपर्स स्टॉप के पास, घाटकोपर-माहुल रोड, घाटकोपर (पूर्व), मुंबई-400 089** |
| **महाटेंडर पोर्टल** | **https://mahatenders.gov.in** |

यह निविदा दस्तावेज़ हस्तांतरणीय नहीं है।

बीएमसी उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या बिना कोई कारण बताए किसी एक या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

हस्ता/-
(श्री आर.डी. राजपूत)
ई.ई. यांत्रिकी (एम.एस.) ई.एस.

पीआरओ/1275/विज्ञा./2025-26

**हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।**

## वसई विरार शहर महानगरपालिका

**प्रभाग समिती 'आय' कार्यालय, वसई**

ता. वसई, जि. पालघर पिन नं. ४०१ २०१

Prabhagsamitie@gmail.com, दूरध्वनी : २५०-२३०९०२०/२३२२२५८,

रुग्णालय : २३२२१२०/२३२३३४३, फॅक्स :०२०५-२३२२९२०

### जाहिर नोटीस

वसई-विरार शहर महानगरपालिका सर्व नागरिकांना सुचित करण्यात येते की, खालील नमूद मिळकत धारकांनी मालमत्ता हस्तांतरण करणेकामी लेखी अर्ज तसेच कागदपत्रे प्रभाग समिती आय कार्यालयात सादर केली आहेत. उक्त फेरफार प्रकरणी कोणतीही हरकत/तक्रार असल्यास त्यांनी कार्यालयात जाहीर नोटीस प्रसिध्द झालेल्या तारखेपासून ७ दिवसाच्या आत लेखी स्वरुपात कागदपत्रासह नोंदवावी. सदर बाबतीत कोणतीही हरकत/तक्रार न आल्यास कार्यालयामार्फत पुढील मालमत्ता हस्तांतरणाची कार्यवाही करण्यात येईल.

| अ. क्र. | विभाग | मालमत्ता क्र. | ज्याच्या नावे मालमत्ता आहे त्याचे म्हणजेच विकणाऱ्या किंवा करदात्याचे नाव | खरिददाराचे किंवा अभिहस्तांकन करदात्याचे नाव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वसई | VV04/14466 | प्रिती अमोल सहामते व अमोल दी. सहामते | कुणाल बी. भगत व बाळासो जे. भगत |
| 2 | वडवली | VD01/731/7 | नवीन सुभाष चोरगे | प्रशांत नरसिंह राऊत |
| 3 | वडवली | VD01/55/24 | अभिषेक श्रीराम विश्वकर्मा | कोरिना कार्ल मस्कारेहास |
| 4 | सांडोर | SD03/362/52 | स्मित इंफ्रा | बाबूलाल चौधरी व रेखा बाबूलाल चौधरी |
| 5 | उमेळा | UL01/71/3 | शलाका सुर्यकांत जळगावकर | सुरेखा प्रकाश पवार |
| 6 | वसई | VV18/12735 | दर्शना भाविन ठक्कर व भाविन रमेश ठक्कर | अनिता नरेंद्र महाजन व शुभम नरेंद्र महाजन |
| 7 | वसई | VV18/7756 | प्रमिला के. नेरकर | सुप्रिया यशवंत नेरकर |
| 8 | वसई | VV18/7757 | प्रमिला कृष्णाजी नेरकर | सुप्रिया यशवंत नेरकर |
| 9 | मुळगाव | ML01/224 | रसल सिडनी जॉन व बेरल रसल जॉन | रॅलस्टॅन अंथनी जॉन व बृसिना केविन वाझ व बियांका झिको रॉड्रिग्ज |
| 10 | वसई | VV07/8128 | ग्रेशम (ऍन्थोनी) मेंडीस व ऍन्जेलीका ग्रेशस मेंडीस | नोरा जॉर्ज फर्नांडिस व जॉर्ज जॉन फर्नांडिस |
| 11 | वसई | VV19/9405 | रामचंद्र दामोदर वसईकर | कोमल प्रफुल मिस्त्री |
| 12 | वसई | VV08/11847 | भो प्रभाकर सोमराव राजगुरे | कांचन प्रभाकर राजगुरे |
| 13 | उमेळा | UL01/313/2 | जोत्सना धर्मेंद्र तांडेल | सुरेश धर्मेंद्र तांडेल |
| 14 | वसई | VV03/19889/2 | राजकुमार शंकर सिंग | जॉन चिन्नपन रॉबर्ट, लीना जॉन रॉबर्ट, शिल्पा एस. फर्नांडीस |
| 15 | वसई | VV18/8825 | अनिता कृष्णकुमार वसईकर | नेत्रा डिल्लॉन अँथोनी इग्नेशियस |
| 16 | वसई | VV05/3791 | मुख्तार हाजीमियाँ मुल्ला | शरीफा मुखतर मुल्ला |
| 17 | वसई | VV21/12868 | अबु मेहताब जाधव | पुष्पा अबु जाधव |
| 18 | वसई | VV10/14586 | प्रकाश मारुतीराव चव्हाण | हर्ष प्रभाकर पाटील |
| 19 | नायगाव | NG01/437/32 | स्वप्ना गोविंद भंडारी | फातीमा सय्यदअली शेख व यासमीन आरिफ कोक्यानी |
| 20 | वसई | VV19/1072 | आदेश नविनचंद्र राऊत | विनोद भीमराव मांडोळे |
| 21 | नायगाव | NG01/437/12 | सुश्मिता मनोज लाड | अब्दुल रज्जाक अली शेख |

जा.क्र : वविशम / कर / ९७१ /२०२५-२६
दिनांक : १३/०८/२०२५

सही/-
सहा. आयुक्त
प्रभाग समिती 'आय'
वसई-विरार शहर महानगरपालिका

संपादकीय

# वोट चोरी: लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती

भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में चुनाव केवल सरकार बनाने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की आवाज़ और अधिकार का प्रतीक होते हैं। मतदाता जिस विश्वास से वोट डालते हैं, वह लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद को मजबूत करता है। लेकिन जब "वोट चोरी" जैसी घटनाएँ सामने आती हैं, तो यह न केवल चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता पर सवाल उठाती है, बल्कि आम जनता के विश्वास को भी गहरा आघात पहुँचाती है। वोट चोरी से तात्पर्य ऐसी किसी भी अवैध प्रक्रिया से है, जिसमें किसी व्यक्ति का वोट उसकी अनुमति या जानकारी के बिना डाला जाता है, या चुनाव परिणाम को प्रभावित करने के लिए मतगणना और मतदान प्रक्रिया में हेरफेर किया जाता है। यह कई रूपों में हो सकती है—जैसे फर्जी मतदाता सूची, मृत व्यक्तियों के नाम से मतदान, बूथ कैप्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) में छेड़छाड़, या डाक मतपत्रों का दुरुपयोग। वोट चोरी प्रायः सत्ता पाने या बनाए रखने की लालसा से प्रेरित होती है। राजनीतिक दल या उम्मीदवार मतदाताओं को प्रभावित करने के अलावा, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीकों से मतदान प्रक्रिया में गड़बड़ी कर सकते हैं। कई बार स्थानीय स्तर पर चुनाव अधिकारियों की लापरवाही, सुरक्षा में कमी, या संगठित आपराधिक गिरोहों की सक्रियता भी इस समस्या को बढ़ावा देती है। वोट चोरी का सबसे बड़ा नुकसान जनता के विश्वास का टूटना है। यदि लोगों को यह लगे कि उनका वोट सुरक्षित नहीं है या परिणाम पहले से तय हैं, तो लोकतांत्रिक भागीदारी कम हो सकती है। इससे चुनावों की वैधता पर प्रश्नचिह्न लगते हैं और राजनीतिक अस्थिरता बढ़ने का खतरा रहता है। यह व्यवस्था में भ्रष्टाचार, निरंकुशता और जवाबदेही की कमी को जन्म दे सकता है। भारत में चुनाव आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का संवैधानिक दायित्व दिया गया है। चुनाव आचार संहिता, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 और भारतीय दंड संहिता में वोट चोरी और चुनावी धोखाधड़ी के खिलाफ कड़े प्रावधान हैं। दोषी पाए जाने पर कारावास और जुर्माने की सज़ा हो सकती है। इसके अतिरिक्त, चुनाव में सीसीटीवी निगरानी, मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बल, और मतदाता पहचान पत्र (EPIC) की अनिवार्यता जैसे उपाय अपनाए गए हैं। तकनीक की मदद से वोट चोरी पर काबू पाया जा सकता है। बायोमेट्रिक सत्यापन, ब्लॉकचेन आधारित वोटिंग सिस्टम, और रीयल-टाइम निगरानी जैसे नवाचार भविष्य में चुनावी पारदर्शिता बढ़ा सकते हैं। साथ ही, मतदाताओं में जागरूकता फैलाना, फर्जी मतदान की शिकायतों को तुरंत दर्ज करना, और चुनाव कर्मियों के प्रशिक्षण को मजबूत करना आवश्यक है। वोट चोरी केवल चुनावी गड़बड़ी नहीं, बल्कि लोकतंत्र पर सीधा हमला है। इसे रोकने के लिए सख्त कानून, पारदर्शी तकनीक, और जागरूक नागरिक—इन तीनों की आवश्यकता है। जब तक प्रत्येक मतदाता का वोट सुरक्षित और सम्मानित नहीं होगा, तब तक लोकतंत्र की असली ताकत पूरी तरह प्रकट नहीं हो सकती। इसलिए, वोट की रक्षा करना सिर्फ चुनाव आयोग की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

## शख्सियत | जॉन गाल्सवर्दी

### प्रतिष्ठित उपन्यासकार और नाटककार



जॉन गाल्सवर्दी (14 अगस्त 1867 – 31 जनवरी 1933) अंग्रेजी साहित्य के एक ऐसे प्रतिष्ठित उपन्यासकार और नाटककार थे, जिन्होंने अपनी लेखनी से सामाजिक, नैतिक और मानवीय मूल्यों को गहराई से चित्रित किया। वे विशेष रूप से अपनी प्रसिद्ध उपन्यास-त्रयी द फोर्सेट सागा के लिए जाने जाते हैं, जिसमें उच्च-मध्यम-वर्गीय समाज के जीवन, उनकी जटिलताओं और बदलते समय में उनके संघर्षों का जीवंत चित्रण है।

इसके अतिरिक्त उन्होंने दो अन्य महत्वपूर्ण त्रयी ए मॉडर्न कॉमेडी और एंड ऑफ द चैप्टर भी लिखीं, जो उनकी साहित्यिक प्रतिभा और समाज की गहरी समझ को दर्शाती हैं। 1932 में उन्हें साहित्य के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एक समृद्ध उच्च-मध्यम-वर्गीय परिवार में जन्मे गाल्सवर्दी को प्रारंभिक रूप से एक वकील के रूप में तैयार किया गया था, लेकिन उनकी संवेदनशीलता और रचनात्मक प्रवृत्ति ने उन्हें विधि के स्थान पर साहित्य की ओर मोड़ दिया। तीस वर्ष की आयु में 1897 में उनकी पहली पुस्तक प्रकाशित हुई, किंतु वास्तविक सफलता 1906 में मिली, जब द मैन ऑफ प्रॉपर्टी—जो फोर्सेट परिवार पर आधारित उपन्यास श्रृंखला का पहला भाग था—प्रकाशित हुआ और उसी वर्ष उनका पहला नाटक द सिल्वर बॉक्स लंदन में मंचित किया गया। एक नाटककार के रूप में गाल्सवर्दी ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि सामाजिक संदेश भी दिए; उनके नाटकों में शोषण के खिलाफ श्रमिकों के संघर्ष, जेलों में एकांत कारावास, महिलाओं के दमन, राष्ट्रवाद और युद्ध की राजनीति तथा नैतिकता जैसे गंभीर विषय प्रमुख रहे। अपने जीवनकाल में उन्होंने सत्रह उपन्यास, छब्बीस नाटक, बारह खंडों में प्रकाशित कहानियाँ, लेख तथा कुछ कविताएँ रचीं। यद्यपि उनकी ख्याति मुख्य रूप से उनके उपन्यासों पर आधारित है, परंतु उनके समय में उनके नाटकों ने भी उल्लेखनीय लोकप्रियता और सम्मान अर्जित किया। उनकी अन्य प्रमुख कृतियों में द आइलैंड फैरिसीज, द मैन ऑफ प्रॉपर्टी, द डार्क फ्लोअर, इन चान्सरी, टु लेट, लायल्टीज, द व्हाइट मंकी तथा द सिल्वर बॉक्स सम्मिलित हैं, जो न केवल उनकी साहित्यिक विविधता का परिचय देती हैं बल्कि यह भी दर्शाती हैं कि वे यथार्थवाद और मानवीय संवेदनाओं के कितने गहरे और सूक्ष्म चित्रकार थे। जॉन गाल्सवर्दी का साहित्य केवल कहानी कहने का माध्यम नहीं था, बल्कि यह उस समय के समाज का गहन और यथार्थ चित्रण भी था। उन्होंने अपने पात्रों को इस तरह गढ़ा कि वे केवल काल्पनिक चरित्र न रहकर अपने समय के जीवंत प्रतिनिधि बन गए। द फोर्सेट सागा में उन्होंने अंग्रेजी उच्च-मध्यम-वर्ग के जीवन, उनकी मानसिकता, संपत्ति के प्रति आसक्ति, पारिवारिक उलझनों और समय के साथ उनके मूल्यों में आने वाले परिवर्तन को बड़ी बारीकी से उकेरा। गाल्सवर्दी की लेखन शैली में सूक्ष्म व्यंग्य, कोमल भावनाओं का चित्रण और समाज के प्रति गहरी संवेदनशीलता का अद्भुत संगम मिलता है। उनके नाटकों में सामाजिक समस्याओं को सामने लाने की विशेष क्षमता थी; द सिल्वर बॉक्स जैसे नाटकों में उन्होंने कानून और न्याय की असमानताओं पर चोट की, लायल्टीज में उन्होंने मानव चरित्र और विश्वासघात की जटिलताओं को उजागर किया, जबकि द डार्क फ्लोअर में उन्होंने जीवन के संघर्षों और मनुष्य की आंतरिक जद्दोजहद को विषय बनाया। वे युद्ध और राष्ट्रवाद की राजनीति के आलोचक थे और मानवीय नैतिकता के पक्षधर; इसीलिए उनके नाटकों और उपन्यासों में न्याय, समानता और करुणा की गहरी भावना देखने को मिलती है।

उनकी मृत्यु 31 जनवरी 1933 को हुई, परंतु वे अपने शब्दों और विचारों के माध्यम से आज भी साहित्य प्रेमियों के हृदय में जीवित हैं। 1932 में जब उन्हें साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला, तो यह केवल उनकी साहित्यिक प्रतिभा की मान्यता नहीं थी, बल्कि समाज के प्रति उनके योगदान का भी सम्मान था। 31 जनवरी 1933 को उनका देहांत हुआ, किंतु उनकी रचनाएँ आज भी मानवीय स्वभाव, नैतिक मूल्यों और सामाजिक संरचना के उन पहलुओं को छूती हैं जो युगों-युगों तक प्रासंगिक बने रहेंगे, और इसी कारण गाल्सवर्दी साहित्य-जगत में अमर हैं।

▸ प्रियंका शाह

# जयोस्तुते
भाग-26

**1925** में स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 99 वर्षों की यात्रा का चौथा चरण और वर्तमान कालखंड, हिंदू राष्ट्र के निर्माण के संघ के स्वप्न के निकट पहुंचने के साथ बढ़ी हुई जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है। 2009 से अब तक का यह 15 वर्षीय कालखंड डॉ. मोहनराव भागवत के नेतृत्व में चल रहा है। इस चौथे चरण में ही विकास के माध्यम से जनमत को संगठित कर भारत को विश्व गुरु बनाना और संघ को उसके अंतिम लक्ष्य की ओर ले जाना संभव है।



# खिला मोगरा





मूल लेख : अवधूत वाघ



(मुंबई के प्रथम आरएसएस संघचालक स्व. दादा राव नाईक की महान विरासत को जारी रखने और युवावस्था में आरएसएस और एबीवीपी से जुड़कर गर्व महसूस करनेवाले सारस्वत बैंक के पूर्व निदेशक अवधूत वाघ महाराष्ट्र भाजपा के राज्य प्रवक्ता हैं। वीजेटीआई से 1981 बैच के इंजीनियरिंग स्नातक और जमनालाल बजाज संस्थान से 1987 बैच के वित्तीय प्रबंधन में परा-स्नातक अवधूत वाघ एक शिक्षाविद् होने के साथ-साथ प्रखर समाजसेवी हैं। जल संसाधन क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करनेवाले चार्टर्ड इंजीनियर वाघ को भारत में पेट्रोलियम रिफाइनरियों में वीओसी संग्रह और निष्कासन प्रणाली के लिए आयात विकल्प प्रौद्योगिकी को डिजाइन करने का श्रेय जाता है। मंझे हुए कबड्डी खिलाड़ी और कवि-लेखक अवधूत वाघ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर सिलसिलेवार ब्लॉग लिखकर भ्रांतियों को ध्वस्त करने और तथ्यों को सरल तरीके से सामने लाने का काम किया है।)

**डॉ. मोहनराव भागवत** ने 2009 में सरसंघचालक पद की बागडोर संभाली और उनके साथ सुरेश उपाख्य भैयाजी जोशी को सरकार्यवाह चुना गया। इसी वर्ष संघ की पहल और सक्रिय भागीदारी से जनसामान्य को 'गौ-संवर्धन और ग्राम केंद्रित कृषि' के महत्व से अवगत कराने के लिए प्रमुख साधु-संतों की भागीदारी के साथ 'विश्वमंगल गौ-ग्राम यात्रा' निकाली गई। 23 हजार 300 गांवों में संपर्क अभियान चलाया गया। इसमें 11 लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया। 201 सांसदों और 867 विधायकों ने इस महत्वपूर्ण अभियान को अपना लिखित समर्थन दिया। इस यात्रा और इसके उद्देश्यों के समर्थन में 8 करोड़ 34 लाख नागरिकों के हस्ताक्षर एकत्रित किए गए। इसमें 75 हजार से अधिक ईसाइयों और लगभग 11 लाख मुसलमानों का समर्थन भी शामिल है। इसके समर्थन में स्थानीय स्तर पर लगभग सवा लाख केंद्रों में ऐसी ही यात्राएं निकाली गईं, जिनमें लगभग डेढ़ करोड़ लोगों ने भाग लिया। 9271 पूर्णकालिक स्वयंसेवकों और 1 लाख 41 हजार 35 संघ स्वयंसेवकों ने मिलकर लगभग 26 हजार किलोमीटर की दूरी तय की। 28 सितंबर, 2009 को हरियाणा के कुरुक्षेत्र से शुरू हुई विश्वमंगल गौ-ग्राम यात्रा 17 जनवरी, 2010 को संघ के मुख्यालय महाराष्ट्र के नागपुर में समाप्त हुई।

**2010** में उत्तर कर्नाटक में आई भीषण बाढ़ ने वहां सामान्य जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया था। उस समय संघ के लगभग 2400 स्वयंसेवकों ने 180 गांवों में राहत सामग्री वितरित की। संघ के संगठन 'सेवा भारती' ने 9 गांवों में 1680 घर बनवाए तथा बाढ़ से विस्थापित नागरिकों का पुनर्वास किया। इसी वर्ष सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत ने पूरे भारत का भ्रमण किया, जिसे अपार जनसमर्थन मिला। मोहनराव के कार्यक्रम विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए गए, तथा पूर्ण गणवेश में संघ के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। भारत के दक्षिणी भाग केरल तथा मंगलौर में पूर्ण गणवेश में संघ के स्वयंसेवकों की उपस्थिति 90 हजार तक पहुंच गई, तथा महाकौशल जैसा उत्तरी क्षेत्र भी इसका अपवाद नहीं रहा। वर्ष 2011 में हिंदू समाज के समक्ष विद्यमान सामाजिक समस्याओं को सामने लाने तथा हिंदू समाज में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से मंडला में 'मां नर्मदा सामाजिक कुंभ' उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में 336 जिलों के 1179 तहसीलों के 4000 से अधिक गांवों से विभिन्न जातियों तथा जनजातियों के नागरिक उपस्थित रहे। विशेष बात यह थी कि 415 विभिन्न अनुसूचित जाति-जनजातियों ने इसमें भाग लिया। तीन दिन तक चले इस महोत्सव में तीस लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया।

**वर्ष** 2013 में महान दार्शनिक एवं विचारक स्वामी विवेकानंद, जिन्हें 'हिंदू योद्धा' कहा जाता है तथा जिन्होंने हिंदू धर्म की महत्ता को विश्वपटल पर प्रस्तुत किया, की 150वीं जयंती के अवसर पर विवेकानंद केंद्र के बैनर तले तथा संघ की भागीदारी से देशभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वामी विवेकानंद के विचारों को देश के कोने-कोने तक पहुंचाने के लिए विवेकानंद केंद्र ने गायत्री परिवार, रामकृष्ण मिशन, चिन्मय मिशन, स्वामी नारायण संप्रदाय तथा विभिन्न जैन संगठनों को इस कार्यक्रम में शामिल किया। खास बात यह रही कि इस कार्यक्रम में समाज के सभी क्षेत्रों से विचारक, बुद्धिजीवी, पत्रकार, वैज्ञानिक, सेना अधिकारी, सेवानिवृत्त न्यायाधीश और शिक्षाविदों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और संघ के कार्यों की सराहना की।

**दुर्भाग्यवश** इस वर्ष उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान भीषण प्राकृतिक आपदा आई। हमेशा की तरह संघ ने तुरंत अपना बचाव कार्य शुरू किया और अपना कर्तव्य बखूबी निभाया। 2016 में संघ ने समय के अनुरूप गणवेश में परिवर्तन करते हुए 90 वर्षों से संघ का प्रतीक बनी हाफ पैंट की जगह फुल पैंट को स्वीकार किया। युवाओं के लिए यह एक स्वागतयोग्य निर्णय था।

**संघ** का यह चौथा कालखंड राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। संघ की विचारधारा को स्वीकार करने वाला राजनीतिक दल भाजपा 2004 से 2014 के बीच कुछ पिछड़ गया था। अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुरलीमनोहर जोशी जैसे भाजपा के दिग्गज नेता उम्र के चलते सक्रिय राजनीति से दूर हो रहे थे। ऐसे समय में भाजपा को नया नेतृत्व तलाशने की आवश्यकता थी। संघ के पूर्व प्रचारक, संघ के स्वयंसेवक एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव नरेंद्र मोदी, जिन्होंने 2001 से 2014 तक गुजरात जैसे महत्वपूर्ण राज्य का मुख्यमंत्री के रूप में नेतृत्व किया, को 2013 में गोवा में आयोजित भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 2014 के लोकसभा आम चुनावों के लिए भाजपा का प्रचार प्रमुख चुना गया और इसके साथ ही भाजपा के नए नेतृत्व की तलाश भी समाप्त हो गई। 2014 के लोकसभा चुनावों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने 283 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी यही हुआ जब भाजपा ने 2014 से भी ज्यादा 303 सीटें जीतीं।

**पिछले** दस वर्षों में मोदी सरकार की योजनाएं और कानूनों में हुए बदलाव जनमानस को प्रभावित करने में सफल रहे और विपक्ष के फेक नैरेटिव्स और नकारात्मक प्रचार का प्रभाव न पड़ते हुए 2024 में एक बार फिर भाजपा को लगातार तीसरी बार सत्ता मिली और नरेंद्र मोदी ने पुनः भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। इन तीनों चुनाव कालखंड में बिना किसी राजनीतिक इच्छा या अपेक्षा के संघ के स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर, जमीनी स्तर पर तन-मन-धन अर्पण कर प्रचार किया। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि भाजपा की जीत में इसका बहुत बड़ा योगदान है। सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत के नेतृत्व में यह चौथा कालखंड संघ के पिछले सौ वर्षों के इतिहास का स्वर्णिम काल है और इसे बचाए रखना है तो भगवा ध्वज के आगे समर्पण करना जरूरी है। आज यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि अनेक विरोधों का सामना करते हुए, देश-विदेश के विरोधियों पर विजय प्राप्त करते हुए निःस्वार्थ बुद्धि और समर्पण भाव से बीते 100 वर्षों से संघ एक अराजनैतिक सामाजिक संगठन के रूप में कार्यरत है, और हिंदुओं का उज्ज्वल भविष्य संघ के हाथों में सुरक्षित है।

क्रमशः

अनुसर्जन : श्वेता शालिनी



(श्री हरि के आनंद-अश्रु से उपजी पापनाशिनी सरिता 'मां सरयू' की सेवा में समर्पित अपने परिवार की शुचिता और सेवा की विरासत को बखूबी सहेजनेवाली श्वेता शालिनी महाराष्ट्र भाजपा की प्रवक्ता और सोशल मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी हैं। इससे पूर्व सचिव और भाजपा उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ की महाराष्ट्र प्रभारी की जिम्मेदारियों का उल्लेखनीय निर्वाह कर चुकी श्वेता शालिनी इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की उच्च शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ एक सफल उद्यमी हैं। महाराष्ट्र सरकार गठित सेक्शन 8 कंपनी वीएसटीएफ की पूर्व कार्यकारी निदेशक भी रह चुकी हैं। एक प्रखर वक्ता के रूप में विशेष मुकाम रखनेवाली श्वेता शालिनी दर्शनशास्त्र, जीवन-शास्त्र और अर्थशास्त्र जैसे गूढ़ विषयों पर लिखनेवाली एक प्रतिष्ठित स्तंभकार होने के साथ-साथ युवाओं, महिलाओं और विशेषकर ग्रामीणों के उत्थान में कार्य करने के लिए प्रसिद्ध हैं। अनुसर्जन का यह उनका पहला प्रयोग है।)

(यह कॉलम हर उस इंसान के लिए है जो संघ को समझना चाहता है, फिर वह समर्थन में हो या विरोध में : संपादक)

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# जामवन्त जी आज भी जिंदा हैं,उनके जीवन का रहस्य जानिए

(भाग 2)

तीसरा रहस्य,राम युग में जामवन्त त्रेतायुग में भी जामवन्त बूढ़े हो चले थे। राम के काल में उन्होंने भगवान राम की सहायता की थी।कहते हैं कि जामवन्तजी समुद्र को लांघने में सक्षम थे लेकिन त्रेतायुग में वह बूढ़े हो चले थे।इसीलिए उन्होंने हनुमानजी से इसके लिए विनती थी कि आप ही समुद्र लांघिये। वाल्मीकि रामायण के युद्धकांड में जामवन्त का नाम विशेष उल्लेखनीय है। जब हनुमानजी अपनी शक्ति को भूल जाते हैं तो जामवन्तजी ही उनको याद दिलाते हैं।

**जामवन्त के बचन सुहाए।**
**सुनि हनुमंत हृदय अति भाए॥**
**तब लगि मोहि परिखेहु तुम्ह भाई। सहि दुख कंद मूल फल खाई॥1॥**

रामायण अनुसार वानर सेना में अंगद,सुग्रीव,परपंजद पनस,सुषेण (तारा के पिता),कुमुद,गवाक्ष,केसरी,शतबली,द्विविद,मैंद,हनुमान,नील,नल,शरभ,गवय लोग शामिल थे। माना जाता है कि जामवन्तजी आकार-प्रकार में कुंभकर्ण से तनीक ही छोटे थे। जामवन्त को परम ज्ञानी और अनुभवी माना जाता था।उन्होंने ही हनुमानजी से हिमालय में प्राप्त होने वाली चार दुर्लभ औषधियों का वर्णन किया था जिसमें से एक संजीविनी थी।

**मृत संजीवनी चैव विशल्यकरणीमपि।**
**सुवर्णकरणीं चैव सन्धानी च महौषधीम्॥**- युद्धकाण्ड 74-33



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो। नं। 9425980556



विशल्यकरणी (शरीर में घुसे अस्त्र निकालने वाली),सन्धानी (घाव भरने वाली),सुवर्णकरणी (त्वचा का रंग ठीक रखने वाली) और मृतसंजीवनी (पुनर्जीवन देने वाली)।

चौथा रहस्य जामवन्त का अहंकार : - राम-रावण के युद्ध में जामवन्तजी रामसेना के सेनापति थे।युद्ध की समाप्ति के बाद जब भगवान राम विदा होकर अयोध्या लौटने लगे तो जामवन्तजी ने उनसे कहा कि प्रभु इतना बड़ा युद्ध हुआ मगर मुझे पसीने की एक बूंद तक नहीं गिरी,तो उस समय प्रभु श्रीराम मुस्कुरा दिए और चुप रह गए।श्रीराम समझ गए कि जामवन्तजी के भीतर अहंकार प्रवेश कर गया है। जामवन्त ने कहा,प्रभु युद्ध में सबको लड़ने का अवसर मिला परंतु मुझे अपनी वीरता दिखाने का कोई अवसर नहीं मिला। मैं युद्ध में भाग नहीं ले सका और युद्ध करने की मेरी इच्छा मेरे मन में ही रह गई।उस समय भगवान ने जामवन्तजी से कहा,तुम्हारी ये इच्छा अवश्य पूर्ण होगी जब मैं अगला अवतार धारण करूंगा।तब तक तुम इसी स्थान पर रहकर तपस्या करो।

पांचवां रहस्य,द्वापर युग में जामवन्तः स्यमंतक मणि को इंद्रदेव धारण करते हैं। कहते हैं कि प्राचीनकाल में कोहिनूर को ही स्यमंतक मणि कहा जाता था।कई स्रोतों के अनुसार कोहिनूर हीरा लगभग 5,000 वर्ष पहले मिला था और यह प्राचीन संस्कृत इतिहास में लिखे अनुसार स्यमंतक मणि नाम से प्रसिद्ध रहा था। दुनिया के सभी हीरों का राजा है कोहिनूर हीरा। यह बहुत काल तक भारत के क्षत्रिय शासकों के पास रहा फिर यह मुगलों के हाथ लगा। इसके बाद अंग्रेजों ने इसे हासिल किया और अब यह हीरा ब्रिटेन के म्यूजियम में रखा है। हालांकि इसमें कितनी सच्चाई है कि कोहिनूर हीरा ही स्यमंतक मणि है?यह शोध का विषय हो सकता है। यह एक चमत्कारिक मणि है।

भगवान श्रीकृष्ण को इस मणि के लिए युद्ध करना पड़ा था। उन्होंने मणि के लिए नहीं बल्कि खुद पर लगे मणि चोरी के आरोप को असिद्ध करने के लिए जाम्बवंत से युद्ध करना पड़ा था।दरअसल,यह मणि भगवान श्रीकृष्ण की पत्नी सत्यभामा के पिता सत्राजित के पास थी और उन्हें यह मणि भगवान सूर्य ने दी थी।

(क्रमशः)

## अपने विचार



भारत भर के कई नगर निगमों ने 15 अगस्त को बूचड़खाने और मांस की दुकानें बंद रखने का आदेश दिया है। यह कठोर और असंवैधानिक है। ये मांस प्रतिबंध लोगों के स्वतंत्रता, निजता, आजीविका, संस्कृति, पोषण और धर्म के अधिकार का उल्लंघन करते हैं।

- **असाउद्दीन ओवैसी,** अध्यक्ष, **AIMIM**



भाजपा के वादे पूरे हो गए क्या? यह सिर्फ लालीपॉप है। इन्होंने जितने वादे किए हैं सब खोलले है। उन्होंने कहा कि सड़क पर गड्ढे नहीं है। गड्ढे में सड़क खोजनी पड़ती है। जब वादे पूरे नहीं हुए तो 2047 का भरोसा क्या है?

**-शिवपाल यादव,** नेता,सपा

**अपने विचार**
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### भुसावल रेल मंडल में 'हर घर तिरंगा' साइकिल रैली का आयोजन




भुसावल। 'हर घर तिरंगा' अभियान-2025 के अंतर्गत भुसावल रेल मंडल ने 13 अगस्त को एक भव्य तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन किया। इसमें भुसावल मंडल के शाखा अधिकारी, रेलवे कर्मचारी और मध्य रेलवे विद्यालय के छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली की शुरुआत सुबह मंडल कार्यालय भुसावल से हुई और ऑर्डनेंस फैक्ट्री मार्ग होते हुए पुनः मंडल कार्यालय पर समापन हुआ। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों के हाथों में लहराता तिरंगा और भारत माता की जयघोष ने देशभक्ति का उत्साह दोगुना कर दिया।

### नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता का सफल आयोजन



कल्याण। कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विभाग और महाराष्ट्र राज्य क्रीड़ा एवं युवक सेवा, पुणे के संयुक्त तत्वावधान में जूनियर/सबजूनियर नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन 11 और 12 अगस्त को डॉन बॉस्को हाईस्कूल, आधारवाड़ी, कल्याण (पश्चिम) के मैदान पर किया गया। यह आयोजन महापालिका आयुक्त अभिनव गोयल के मार्गदर्शन में और क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विभाग के उपआयुक्त संजय जाधव के उद्घाटन के साथ संपन्न हुआ। 17 वर्ष से कम उम्र के लड़कों के वर्ग में डॉन बॉस्को हाईस्कूल, कल्याण ने डॉन बॉस्को हाईस्कूल, डोंबिवली को हराकर खिताब जीता। 17 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों के वर्ग में रिटा मेमोरियल, कल्याण ने डॉन बॉस्को, कल्याण को मात दी। वहीं, 15 वर्ष से कम उम्र के लड़कों के वर्ग में डॉन बॉस्को, कल्याण ने रिटा मेमोरियल, कल्याण को हराकर जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में विजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया, जबकि पंच, मदतनीस और खेल प्रमुखों को मानधन प्रदान किया गया। इस अवसर पर क्रीड़ा पर्यवेक्षक प्रविण कांबळे, खेल प्रमुख डॉ. विजय सिंह, रेणुका पिसे, संतोष पाटील, डॉन बॉस्को स्कूल के प्रधानाचार्य कृष्णा माळी सहित विभिन्न स्कूलों के क्रीड़ा शिक्षक और शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### राजापुर रोड स्टेशन पर एलटीटी-तिरुवनंतपुरम-एलटीटी नेत्रवती एक्सप्रेस का ठहराव




राजापुर। रेलवे ने दिनांक 15.08.2025 से राजापुर रोड स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर 16345/16346 एलटीटी-तिरुवनंतपुरम-एलटीटी नेत्रवती एक्सप्रेस का 2 मिनट का ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया है, जैसा कि नीचे दिए गए विवरण में बताया गया है कि 16345 एलटीटी-तिरुवनंतपुरम नेत्रवती एक्सप्रेस राजापुर रोड स्टेशन पर 19.40 बजे पहुँचेगी और 19.42 बजे प्रस्थान करेगी। 16346 तिरुवनंतपुरम-एलटीटी नेत्रवती एक्सप्रेस राजापुर रोड स्टेशन पर 07.38 बजे पहुँचेगी और 07.40 बजे प्रस्थान करेगी।

धारावी पुनर्विकास परियोजना

# सेक्टर 1 में चॉल भवनों के सर्वेक्षण की मांग तेज

**▶▶ निवासियों ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**

**दीपक पवार | मुंबई**

धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपी) के अंतर्गत सेक्टर 1 की चॉल और भवनों का सर्वेक्षण न होने से यहां के निवासी नाराज हैं। डीआरपी सेक्टर 1 निवासी संघ ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि चॉल की अटारी में रहने वाले परिवारों का तत्काल सर्वेक्षण किया जाए और उन्हें मुफ्त मकान उपलब्ध कराए जाएं।

### अदाणी समूह की कंपनी को मिला प्रोजेक्ट का जिम्मा



राज्य सरकार ने धारावी पुनर्विकास परियोजना के क्रियान्वयन के लिए अदाणी समूह की नवभारत मेगा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (एनएमडीपीएल) को चुना है। डीआरपी और एनएमडीपीएल मिलकर झुग्गियों में पात्रता सर्वेक्षण अभियान चला रहे थे। सेक्टर 1 की कुछ झुग्गियों का सर्वे किया गया, लेकिन कई झोपड़ियों, दुकानों, चॉलों और इमारतों के घरों का सर्वे नहीं हुआ।

### 750 वर्ग फुट घर की मांग

निवासी संघ के संयोजक अनिल भंडारे ने कहा कि झुग्गीवासियों को तो मकान दिए जा रहे हैं, लेकिन सेक्टर 1 की पुरानी चॉल और इमारतों के निवासियों को सिर्फ 405 वर्ग फुट का मकान देकर भेदभाव किया जा रहा है। उनकी मांग है कि चॉल बिल्डिंग के निवासियों को 750 वर्ग फुट का मकान दिया जाए।

### अन्याय का आरोप, अटारी वालों को भी मिले घर

निवासी संघ का कहना है कि धारावी में झुग्गियों की ऊपरी मंजिलों या अटारी में रहने वाले परिवारों को तो मकान दिए जा रहे हैं, लेकिन सेक्टर 1 की चॉलों के भूतल पर रहने वालों को घर देने से इनकार किया जा रहा है। संघ के संयोजक आशीष मोरे ने कहा कि यह सेक्टर 1 के निवासियों के साथ अन्याय है और अटारी में रहने वालों को भी हक का घर मिलना चाहिए।

### 12 अगस्त से रुका सर्वे अभियान

डीआरपी ने 12 अगस्त को घर-घर सर्वेक्षण पर पूरी तरह रोक लगा दी, जिससे सेक्टर 1 के निवासियों में नाराजगी बढ़ गई है। आरोप है कि मुंबई नगर निगम की संपत्ति विभाग की भूमि पर बनी चॉल और इमारतों का सर्वे भी निवासियों के विरोध के बावजूद नहीं किया गया।

# उल्हासनगर मनपा के अस्थायी कर्मचारी हुए स्थायी



**▶▶ 27 कर्मचारियों को मिला नियुक्ति पत्र**

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर महानगरपालिका के 27 अस्थायी कर्मचारियों को 12 अगस्त को स्थायी नियुक्ति पत्र सौंपे गए। वर्षों से स्थायीकरण की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे इन कर्मचारियों की लड़ाई अब सफल हो गई है।

### संगठन और नेताओं की अहम भूमिका

इस सफलता में मनसे मजदूर संघ के अध्यक्ष दिलीप थोरात और पीपुल्स रिपब्लिकन पार्टी के ठाणे जिला अध्यक्ष एवं पूर्व नगरसेवक प्रमोद ताले के लगातार प्रयास अहम रहे। कानूनी लड़ाई, मनपा प्रशासन के साथ निरंतर चर्चा और मांगों पर जोरदार अमल के बाद यह फैसला लिया गया।

### अधिकारियों का सहयोग, संगठन का आभार

स्थायीकरण प्रक्रिया में मनपा आयुक्त मनीषा अव्हाले, अपर आयुक्त, उपायुक्त और अन्य अधिकारियों का विशेष सहयोग मिला। कर्मचारियों और संगठन ने सभी संबंधित अधिकारियों और समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जल्द शुरू होगा चिंचोटी-भिवंडी सड़क का मरम्मत व पुनर्निर्माण

**▶▶ विधायक स्नेहा दुबे-पंडित ने मंत्री शिवेंद्रसिंहराजे भोसले से की मुलाकात बैठक**

**ओमप्रकाश यादव | वसई**

वसई विधानसभा की विधायक स्नेहा दुबे-पंडित ने मंगलवार को मंत्रालय में राज्य के सार्वजनिक निर्माण मंत्री शिवेंद्रसिंहराजे भोसले से मुलाकात कर चिंचोटी-भिवंडी सड़क की मरम्मत और पुनर्निर्माण का मुद्दा उठाया। बैठक में संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।



### दो दिन में कार्य प्रारंभ करने के आदेश

बैठक में मंत्री भोसले ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क मरम्मत का कार्य अगले दो दिनों में शुरू किया जाए। साथ ही, सड़क के पुनर्निर्माण में कंक्रीटिंग की प्रक्रिया को तेज करने के भी आदेश दिए।

### न्यायालय में लंबित मामले के लिए अनुमति प्रक्रिया तेज

चूंकि यह मामला बॉम्बे हाई कोर्ट में लंबित है, मंत्री ने आवश्यक अनुमति शीघ्र प्राप्त करने और सभी औपचारिकताएं तुरंत पूरी करने के निर्देश दिए।

### बैठक में गणमान्य उपस्थित

इस अवसर पर भाजपा वसई-विरार शहर जिला उपाध्यक्ष राजू म्हात्रे, जिला महासचिव बिजेंद्र कुमार, मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत वाघमारे, संदीप पाटील सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### विधायक ने जताया आभार

विधायक स्नेहा दुबे-पंडित ने मंत्री भोसले के सकारात्मक निर्णय के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि वे वसई नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संपर्क में रहकर इस कार्य को जल्द पूरा कराएंगी।

# हडको ने मनाया 'हर घर तिरंगा' उत्सव

**▶▶ इंडिया हैबिटेट सेंटर में दो दिवसीय आयोजन**

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (हडको), एक नवरत्न एनबीएफसी-आईएफसी और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अंतर्गत, ने 2 से 15 अगस्त 2025 तक चल रहे भारत सरकार के 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत इंडिया हैबिटेट सेंटर (आईएचसी) में दो दिवसीय समारोह आयोजित किया। इस आयोजन में तिरंगे की महिमा और देशभक्ति का उत्साह झलका।

### मुख्य अतिथि ने किया कियोस्क का उद्घाटन




कार्यक्रम का उद्घाटन आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कटिकिथला, आईएएस, ने हडको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। इस दौरान सचिव ने सभी से अपने घरों पर गर्व से राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आह्वान किया और बताया कि तिरंगा न केवल स्वतंत्रता का प्रतीक है, बल्कि एकता और सम्मान का भी प्रतीक है। संजय कुलश्रेष्ठ ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन साझी विरासत और राष्ट्रीय आकांक्षाओं का स्मरण कराते हैं। उन्होंने बताया कि हडको देशभर में स्थित कियोस्क और क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से 10,000 से अधिक राष्ट्रीय ध्वज वितरित करेगा, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस राष्ट्रीय अभियान में शामिल हो सकें।

# ठाणे में कैंसर जांच अभियान

**▶▶ 2443 लोगों की स्क्रीनिंग 32 संदिग्ध मरीज मिले**

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे जिला परिषद की ओर से 31 अगस्त, 2025 तक चलाए जा रहे कैंसर जांच एवं जागरूकता अभियान के तहत 2 से 12 अगस्त तक भिवंडी और कल्याण तहसील में कुल 2,443 नागरिकों की जांच की गई। यह अभियान जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार के नेतृत्व में संचालित हुआ। जांच में 32 संदिग्ध मरीज पाए गए, जिन्हें आगे की जांच और उपचार के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में भेजा गया।

### मोबाइल वैन से नि:शुल्क और त्वरित जांच सुविधा



अभियान के लिए अत्याधुनिक उपकरणों से लैस कैंसर स्क्रीनिंग मोबाइल वैन का उपयोग किया जा रहा है, जो नागरिकों को उनके ही इलाके में नि:शुल्क और त्वरित जांच सुविधा उपलब्ध करा रही है। अधिकारियों के अनुसार, समय पर निदान और उपचार से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी पर प्रभावी रूप से नियंत्रण पाया जा सकता है।

### वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सफल अभियान

यह अभियान जिला कलेक्टर डॉ. कृष्ण पंचाल और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के मार्गदर्शन में, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे की देखरेख में चलाया जा रहा है।

### पांच प्रकार के कैंसर की हुई जांच

स्क्रीनिंग में मुख, स्तन, गर्भाशय, ग्रीवा और अन्य प्रकार के कैंसर की जांच की गई। संदिग्ध मामलों को प्राथमिकता के आधार पर विशेषज्ञों के पास रेफर किया गया, ताकि समय पर निदान और इलाज शुरू किया जा सके।

# एनटीसी चॉलों के पुनर्वास का रास्ता साफ

**▶▶ चॉलों का म्हाडा द्वारा किया जाएगा पुनर्वास**

**▶▶ 18 अगस्त तक मांगे गए सुझाव**

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई की खतरनाक एनटीसी मिल चॉलों में तीन पीढ़ियों से रह रहे मजदूरों के लिए बड़ी खुशखबरी है। राष्ट्रीय मिल मजदूर संघ (रा.म.म.संघ) और एक्शन कमेटी के लंबे संघर्ष के बाद इन 11 चॉलों के पुनर्वास का रास्ता साफ हो गया है। मुंबई विकास नियम 2034 में प्रस्तावित संशोधन के तहत, म्हाडा द्वारा जल्द ही इन इमारतों का पुनर्विकास किया जाएगा।

### बैठक में उठे रखरखाव और ट्रांजिट कैंप के मुद्दे



महासचिव गोविंदराव मोहिते की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्य समिति की अध्यक्ष निवृत्ति देसाई, उपाध्यक्ष भाऊसाहेब आंग्रे और सचिव किरण गावड़े ने मजदूरों की समस्याएं सामने रखीं। निवासियों ने शून्य रखरखाव, कॉर्पस फंड, ट्रांजिट कैंप और पार्किंग क्षेत्र से जुड़ी अपनी आपत्तियां और सुझाव लिखित रूप में देने का निर्णय लिया।

### मजदूरों को मिलेगा 405 वर्ग फुट का घर

पुनर्विकास योजना के तहत प्रत्येक निवासी मजदूर को 405 वर्ग फुट कार्पेट एरिया का नया आवास दिया जाएगा। आवास विभाग ने इस संबंध में 18 अगस्त तक संबंधित निवासियों से सुझाव और आपत्तियां मांगी हैं। हाल ही में मज़दूर मंज़िल में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय मिल मजदूर संघ के अध्यक्ष एवं विधायक सचिनभाऊ अहीर ने कहा कि संगठन मजदूरों के साथ खड़ा है और उनके हित में लिखित सुझाव व आपत्तियां भी पेश करेगा। उन्होंने मजदूरों से इस पुनर्वास अवसर को न गंवाने की अपील की।

### अब तक हो चुकी हैं दो बैठकें

इस मुद्दे पर अब तक दो बैठकें हो चुकी हैं, जिसमें दूसरी बैठक में निवासियों की सभी शंकाओं का समाधान किया गया। संघ की ओर से मांग की गई है कि चॉलों का पुनर्वास तत्काल शुरू किया जाए।

### अंगदान अभियान में ठाणे जिले के 4900 लोगों ने किया पंजीकरण

ठाणे। राज्य सरकार द्वारा 3 से 15 अगस्त 2025 तक चलाए जा रहे अंगदान-जीवन संजीवनी अभियान को ठाणे जिले में लोगों से जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। अब तक 4900 नागरिक अंगदान के लिए संकल्प ले चुके हैं। यह अभियान जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्णनाथ पांचाल और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के मार्गदर्शन में, जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार और जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे की देखरेख में चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सभी ग्रामीण अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य उप-केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डॉ. गंगाधर पारगे ने कहा कि अंगदान मानवता का सर्वोच्च उपहार है। मृत्यु के बाद भी हम अपने अंगों के माध्यम से दूसरों को नया जीवन दे सकते हैं। एक अंगदाता आठ रोगियों की जान बचा सकता है।




## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** मित्रों तथा संबंधियों का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्य पूर्ण होंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए काम मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। नए लोगों से परिचय होगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से हानि होगी। बड़ों की सलाह मानें, लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। हड़बड़ी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। चिंता बनी रहेगी।

**मिथुन** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम हो सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति के योग हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में पदोन्नति संभव है। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**कर्क** घर में मेहमानों का आगमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में चैन रहेगा। नए मित्र बनेंगे।

**सिंह** व्यापार-व्यवसाय में लाभ के योग हैं। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। नौकरी मे प्रभाव बढ़ेगा। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उत्साह वृद्धि होगी। आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। धनार्जन सुगम होगा।

**कन्या** बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। उत्साह में कमी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। दौड़धूप अधिक रहेगी। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। अपने काम पर ध्यान दें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय में निश्चितता रहेगी।

**तुला** शत्रु परास्त होंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ प्राप्त होगा। जीवन सुखमय व्यतीत होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। वाणी पर नियंत्रण आवश्यक है। काम में मन लगेगा।

**वृश्चिक** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों से सहयोग प्राप्त होगा। कोई कारोबारी बड़ा सौदा लाभ दे सकता है। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी।

**धनु** कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में अधिकारी वर्ग प्रसन्नता जाहिर करेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश इत्यादि मनोनुकूल लाभ देंगे। पारिवारिक सहयोग मिलने से प्रसन्नता, उत्साह व संतुष्टि रहेंगे। कुसंगति से बचें।

**मकर** चोट व दुर्घटना से हानि तथा पीड़ा का योग बनता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें, क्लेश हो सकता है। पार्टनरों से मतभेद हो सकता है। शारीरिक शिथिलता रहेगी। आय में निश्चितता रहेगी।

**कुंभ** यात्रा लाभदायक रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्ति के योग हैं, प्रयास करें। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। उत्साह तथा प्रसन्नता से काम कर पाएंगे। थकान व कमजोरी रह सकती है।

**मीन** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। बुद्धि का प्रयोग करें। प्रमाद से बचें। रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि होगी।

## चन्द्र कालानल योगः वैदिक ज्योतिष, क्वांटम चेतना और दार्शनिक दृष्टि से गहन विश्लेषण

चन्द्र कालानल योग की तीव्रता कृष्ण पक्ष की तिथियों (विशेष रूप से अष्टमी, चतुर्दशी, या अमावस्या) में बढ़ सकती है, क्योंकि चन्द्रमा की शक्ति इन तिथियों में कमजोर होती है।

सूर्य सिद्धांत में ग्रहों की युति और दृष्टि की गणना डिग्री-आधारित होती है, जो कुंडली में योग के प्रभाव को निर्धारित करने में मदद करती है।



वैदिक ज्योतिष में चन्द्र कालानल योग को निम्नलिखित आधारों पर विश्लेषित किया जाता हैः

चन्द्रमा का भाव और नक्षत्रः यदि चन्द्रमा अश्लेषा, ज्येष्ठा, या मघा नक्षत्र में है, तो पाप ग्रहों का प्रभाव बढ़ जाता है।

लग्न और दशाः यदि योग लग्न, चतुर्थ, सप्तम, या दशम भाव में है और महादशा/अंतर्दशा में चन्द्रमा या पाप ग्रह प्रभावी हैं, तो प्रभाव तीव्र होता है।

नवमांश और गोचरः नवमांश में चन्द्रमा की स्थिति और वर्तमान गोचर इस योग के प्रभाव को बढ़ा या घटा सकते हैं।

क्वांटम थ्योरी और दार्शनिक आधार

क्वांटम थ्योरी और वैदिक ज्योतिष का संयोजन एक आधुनिक दृष्टिकोण है, जो चेतना, ऊर्जा, और विश्व की संरचना को जोड़ता है। चन्द्र कालानल योग को क्वांटम और दार्शनिक दृष्टिकोण से निम्नलिखित रूप में देखा जा सकता हैः

क्वांटम थ्योरी का दृष्टिकोणः

क्वांटम मैकेनिक्स में, चेतना और अवलोकन (observer effect) महत्वपूर्ण हैं। चन्द्रमा मन का प्रतीक है, और इस योग में पाप ग्रहों का प्रभाव मन की क्वांटम अवस्था को अस्थिर करता है, जिससे नकारात्मक विचार तरंगें (thought waves) उत्पन्न होती हैं।

चन्द्रमा की ऊर्जा को क्वांटम क्षेत्र में एक कम्पन (vibration) के रूप में देखा जा सकता है, जो पाप ग्रहों की ऊर्जा से प्रभावित होकर डिसरप्टिव पैटर्न बनाती है।


क्वांटम सुपरपोजिशन के सिद्धांत के अनुसार, चन्द्र कालानल योग के प्रभाव को सकारात्मक या नकारात्मक दिशा में ले जाया जा सकता है, यदि जातक अपनी चेतना को सकारात्मक ऊर्जा (जैसे ध्यान, मंत्र, या उपाय) से संरेखित करता है।

दार्शनिक आधारः

वैदिक दर्शन में, चन्द्रमा मन और आत्मा का प्रतीक है। चन्द्र कालानल योग को कर्म सिद्धांत के दृष्टिकोण से देखें, तो यह पिछले जन्मों के कर्मों का परिणाम हो सकता है, जो वर्तमान जीवन में मानसिक और भावनात्मक चुनौतियों के रूप में प्रकट होता है।

अद्वैत वेदांत के अनुसार, मन की अस्थिरता माया (भ्रम) का परिणाम है। इस योग को नियंत्रित करने के लिए आत्म-जागरूकता और आत्म-निरीक्षण (ध्यान और योग) आवश्यक हैं।

चन्द्रमा की ऊर्जा को शुद्ध करने से जातक अपने कर्म-बंधनों को कम कर सकता है और आध्यात्मिक उन्नति की ओर बढ़ सकता है।




प्रियंका जैन
9769994439

## न्यूज़ ब्रीफ

### मानव तस्कर के चंगुल से नाबालिग लड़की को कराया गया मुक्त

**पूर्वी चंपारण** : एसएसबी मानव तस्करी रोधी इकाई, प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चम्पारण एवं स्वच्छ रक्सौल बिहार (एनजीओ ) की संयुक्त टीम ने इंडो-नेपाल पर चलाये जा रहे तलाशी अभियान के दौरान रक्सौल मैत्री ब्रिज पास भारत से नेपाल जा रहे तीन व्यक्तियों को पूछताछ के लिए रोका गया, जिनके साथ एक लड़की भी थी। जब एएचटीयू टीम और एनजीओ ने तीनों तस्करों से अलग-अलग पूछताछ की तो पता चला कि तीनों तस्कर मुस्लिम समुदाय से हैं और लड़की हिंदू समुदाय से है। कुछ दिन पहले मोहम्मद फरहान (तस्कर) ने सोशल मीडिया के माध्यम से लड़की से दोस्ती की और उसे अपने प्रेम जाल में फंसाकर शादी का वादा किया और लड़की को इस तरह से प्रेरित किया कि लड़की अपने परिवार को बताए बिना तस्करों के प्रभाव में नेपाल जाने के लिए तैयार हो गई।

### जिला पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी के विद्यालय व रेस्टोरेंट प्रशासन ने किए सील

**नैनीताल :** जिला प्रशासन ने बुधवार को पूर्व ब्लॉक प्रमुख लाखन सिंह नेगी के अलग-अलग स्थानों पर निर्माणाधीन विद्यालय एवं एक होटल-रेस्टोरेंट को सील कर दिया है। आरोप है कि यह दोनों सरकारी भूमि पर बनाये गये थे। उल्लेखनीय है कि लाखन सिंह नेगी की पत्नी पुष्पा नेगी कांग्रेस पार्टी के समर्थन के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष पद की प्रत्याशी हैं। उप जिलाधिकारी नवाजिश खालिक ने पूछे जाने पर बताया कि सिमायल रैक्वाल गांव में जांच में निर्माणाधीन विद्यालय परिसर की एक नाली भूमि राज्य सरकार की पाई गई, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए विद्यालय भवन को और भुजियाघाट में मोरा दोगड़ा गांव में स्थित होटल-रेस्टोरेंट को भी सील किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्माणकर्ता को 15 दिन के भीतर सभी आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है।

### 50 हजार की रिश्वत मामले में पटना की टीम ने की जांच

**नवादा :** नवादा जिले के सिरदला अंचल कार्यालय में 50हजार के लिए गिरफ्तार किए गए राजस्व कर्मचारी के मामले की विशेष जांच बुधवार को पटना से पहुंचे निगरानी टीम के अधिकारियों ने की । केस के अनुसंधान अधिकारी (आईओ) राजेश कुमार ने मामले का सुपरविजन करते हुए घटनास्थल का मुआयना किया और गवाहों के बयान दर्ज किए। उन्होंने कहा कि 25 जुलाई को घटित इस रिश्वत कांड में कई खुलासे हुए हैं। मामला 10 जुलाई को सामने आया था, जब चौकिया पंचायत के बनियाडीह गांव निवासी उमेश कुमार ने निगरानी थाना, पटना में आवेदन देकर आरोप लगाया कि सिरदला अंचल कार्यालय में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी रणजीत कुमार ने 6 डिसमिल जमीन के दाखिल-खारिज के एवज में 50 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। शिकायत के आधार पर निगरानी थाना कांड संख्या 55/25, दिनांक 24 जुलाई 2025 को दर्ज किया गया।

# कैग रिपोर्ट ने खोलीं यूपी की बड़ी-बड़ी गड़बड़ियां

**खनन में इस्तेमाल किए गए शव वाहन और एम्बुलेंस**

एजेंसी | लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में पेश नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) की रिपोर्ट ने राज्य के कई विभागों में गंभीर अनियमितताओं का पर्दाफाश किया है। कांग्रेस नेता अराधना मिश्रा 'मोना' ने विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर चर्चा के दौरान बताया कि खनन में उपयोग की गई गाड़ियों की सूची में शव वाहन और एम्बुलेंस तक का नाम शामिल है, जो हैरान करने वाला है।



### सड़क निर्माण में देरी और वित्तीय खामियां

उत्तर प्रदेश में 4,42,907 किमी लंबा सड़क नेटवर्क है, जिसमें से जनवरी 2023 तक 2,98,242 किमी सड़कें PWD के अधीन थीं। 2016-17 से 2022-23 तक केंद्रीय सड़क निधि से 7,257.86 करोड़ रुपये खर्च हुए, लेकिन 78% परियोजनाएं निर्धारित समय से 59 से 1,474 दिन तक देरी से पूरी हुईं। PWD ने यातायात सर्वेक्षण और प्राथमिकता तय करने में लापरवाही बरती। भारतीय सड़क कांग्रेस के मानकों के बजाय सांकेतिक आंकड़ों पर यातायात गणना की गई।

### लखनऊ में ठोस कचरा प्रबंधन में गड़बड़ी

CAG रिपोर्ट के मुताबिक, लखनऊ नगर निगम में ठोस कचरा प्रबंधन और घर-घर कचरा संग्रह में भारी धांधलियां हुईं। महापौर संयुक्ता भाटिया के कार्यकाल में मेसर्स इकोग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को अनुचित लाभ पहुंचाने का मामला सामने आया। जनवरी 2018 से मार्च 2022 के बीच फर्म ने 215.89 करोड़ रुपए के बिल प्रस्तुत किए, जबकि सत्यापन के बाद केवल 169.21 करोड़ रुपए का भुगतान होना चाहिए था। CAG ने पाया कि बिलों में कचरे की मात्रा बढ़ा-चढ़ाकर दिखाई गई। शिवरी (लखनऊ) स्थित अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र 2019-2020 के बीच 409 दिन बंद रहा। इस अवधि में 39.74 करोड़ रुपए का जुर्माना लगना चाहिए था, लेकिन निगम ने उल्टा फर्म को 5.28 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया। रिपोर्ट ने इस गलत भुगतान के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की सिफारिश की है।

### CAG की सिफारिशें

रिपोर्ट में ठोस कचरा प्रबंधन पर जनजागरूकता बढ़ाने, बजट का समय पर और सही उपयोग सुनिश्चित करने, अपशिष्ट प्रबंधन के लिए निर्धारित बजट न रोकने, सड़क निर्माण में पारदर्शिता लाने और यातायात सर्वेक्षण को अनिवार्य बनाने की सिफारिश की गई है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि CAG रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी गई है और सिफारिशों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## होटल में रेड, जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गए 10 सफेदपोश

एजेंसी | रांची

राजधानी रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित एक बड़े होटल में जुआ खेलते हुए शहर के कई सफेदपोशों को रंगेहाथ पकड़ा गया। डीआईजी सह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में होटल के दो कमरों से अवैध जुआ संचालित होने का खुलासा हुआ।

### 3 लाख से अधिक नकदी बरामद, हिडन कैमरा भी जब्त



पुलिस छापेमारी में 10 लोगों को हिरासत में लिया गया और मौके से 3 लाख रुपए से अधिक की नकदी जब्त की गई। जांच में सामने आया कि जुआ खेल के दौरान हिडन कैमरे लगाकर एक-दूसरे के साथ बेईमानी भी की जा रही थी।

### घेराबंदी कर सभी आरोपियों को पकड़ा

सूचना मिलते ही एसएसपी ने सिटी एसपी, सिटी डीएसपी, चुटिया थाना प्रभारी और कई थानों की संयुक्त टीम को रेड के लिए भेजा। होटल को चारों ओर से घेरकर पुलिस ने सभी आरोपियों को पकड़ लिया। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है और पूछताछ पूरी होने के बाद उन्हें जेल भेजा जाएगा। पुलिस इस मामले में होटल प्रबंधन की भूमिका की भी जांच कर रही है।

## सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच एनकाउंटर

एजेंसी | पश्चिमी सिंहभूम

पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में बुधवार सुबह सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ गोइलकेरा थाना क्षेत्र के पोसौता के जंगल में हुई, जिसमें प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का एरिया कमांडर अरुण कुमार मारा गया। अरुण, छत्तीसगढ़ के सुकमा का रहने वाला था। आईजी अभियान डॉ. माइकल राज ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।



### एक नक्सली कमांडर का शव बरामद

मुठभेड़ स्थल की तलाशी में जवानों को एक नक्सली का शव मिला, जिसकी पहचान एरिया कमांडर अरुण के रूप में हुई। मौके से एक एसएलआर राइफल, कारतूस और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस और सुरक्षाबलों का सर्च अभियान अब भी जारी है।

### स्वतंत्रता दिवस पर बड़ी वारदात की थी योजना

पुलिस को सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी नेता मिसिर बेसरा अपने दस्ते के साथ कोल्हान क्षेत्र में सक्रिय है और स्वतंत्रता दिवस पर कोई बड़ी घटना अंजाम देने की योजना बना रहा है। जानकारी के आधार पर झारखंड पुलिस और कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम ने अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान पोसौता इलाके में नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में जवानों ने भी गोलियां चलाईं। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों का पलड़ा भारी पड़ता देख नक्सली पहाड़ और जंगल का सहारा लेकर भाग निकले।

## नीतीश कैबिनेट में 30 एजेंडों पर मुहर

एजेंसी | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में चल रही कैबिनेट की बैठक खत्म हो गई है। नीतीश कैबिनेट ने 30 एजेंडों पर मुहर लगायी है। कैबिनेट में बिहार विधान मंडल सदस्यों का वेतन, भत्ता और पेंशन नियमावली 2006 के नियम 14 में संशोधन की स्वीकृति पर मुहर लगाई गई है।

### नीतीश सरकार का एक और तोहफा



इससे पहले शिक्षा विभाग के रसोइये, नाइट गार्ड और शारीरिक शिक्षक और स्वास्थ्य अनुदेशक का मानदेय दोगुना किया गया था। वहीं बुधवार की बैठक में जेपी सेनानियों और बीएलओ को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है।

### औद्योगिक क्षेत्र को लेकर बड़ा फैसला

वहीं बिहार कैबिनेट में और भी कई बड़े एजेंडों पर मुहर लगी है। पांच नए औद्योगिक क्षेत्र गठन करने की भी स्वीकृति कैबिनेट से मिली है। बेगूसराय में तीन अरब 51 करोड़ 56 लाख 76 हजार 345 रुपए 991 एकड़ जमीन अधिग्रहण करने के लिए स्वीकृति मिली है। वहीं पटना जिला के बख्तियारपुर में औद्योगिक क्षेत्र के लिए 500 एकड़ जमीन अधिग्रहण के लिए 2 अरब 19 करोड़ 34 लाख 84 हजार 930 रुपए की स्वीकृति मिली है।

## रांची में तालाब-डैम और नदियों का पानी पूरी तरह प्रदूषित

एजेंसी | रांची

रांची के तालाब, नदियों और जलाशयों के पानी को लेकर लंबे समय से प्रदूषण की आशंका जताई जा रही थी। अब रांची विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग के छात्रों की जांच रिपोर्ट ने इसकी पुष्टि कर दी है। जांच में शामिल लगभग सभी जल स्रोतों का पानी पूरी तरह प्रदूषित पाया गया है। पर्यावरणविद और भूगर्भ विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. नीतीश प्रियदर्शी ने बताया कि विवेकानंद सरोवर (बड़ा तालाब), जतरा तालाब, रांची तालाब, कांके डैम और रुक्का डैम समेत कुल पांच तालाब और दो जलाशयों के पानी की



जांच की गई। नतीजों में कई तालाबों, जैसे योगदा मठ के पास स्थित तालाब और खजुलिया तालाब में आर्सेनिक की अधिक मात्रा मिली, जबकि कांके डैम और बड़ा तालाब के पानी में ई-कोलाई और अन्य खतरनाक बैक्टीरिया पाए गए। जांच में सामने आया कि इन जल स्रोतों में खतरनाक बैक्टीरिया, फंगस और हैवी टॉक्सिक मेटल मौजूद हैं, जो मानव स्वास्थ्य के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए भी गंभीर खतरा बन सकते हैं। डॉ. प्रियदर्शी ने बताया कि रिपोर्ट सरकार और संबंधित एजेंसियों को भेजी गई है, साथ ही प्रदूषण रोकने के उपाय सुझाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जलाशयों की सफाई और संरक्षण के लिए सरकारी पहल के साथ-साथ आम लोगों और युवाओं में भी जागरूकता जरूरी है।रांची नगर निगम ने बड़ा तालाब को प्रदूषणमुक्त करने के लिए छत्तीसगढ़ की एक एजेंसी से कई चरणों में ई-बॉल डलवाए थे, लेकिन आज भी वहां का हरा, दुर्गंधयुक्त पानी देख यह प्रयास असफल साबित होता है।

## लालू यादव के खिलाफ कोर्ट का नोटिस


**मुजफ्फरपुर** : राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर कानूनी मुश्किलों में फंस गए हैं। मुजफ्फरपुर की अदालत ने बिहारियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में उन्हें नोटिस जारी किया है और जवाब तलब किया है। आरोप है कि लालू यादव ने X (पूर्व में ट्विटर) पर 'बिहार = बलात्कार' लिखा और इस पोस्ट को कई बार साझा किया। इस टिप्पणी ने बिहारवासियों में तीखा रोष पैदा कर दिया और इसे उनकी गरिमा पर सीधा हमला माना गया।

# व्यापार जगत

## हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

अमेरिका में मुद्रास्फीति के स्थिर आंकड़ों से वैश्विक बाजारों में तेजी देखने को मिली। इस बीच धातु, वाहन और फार्मा शेयरों में लगातार खरीदारी से बुधवार को शेयर बाजारों में तेजी लौटी और सेंसेक्स 304 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 8 वर्ष के निम्नतम स्तर 1.55 प्रतिशत पर आ गई। इससे घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख देखने को मिला। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 304.32 अंक या 0.38 प्रतिशत उछलकर 80,539.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 448.15 अंक या 0.55 प्रतिशत बढ़कर 80,683.74 अंक पर पहुंच गया। इसके 26 शेयरों में तेजी रही। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 131.95 अंक या 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,619.35 पर आ गया।



### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इटर्नल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा मोटर्स और पावर ग्रिड लाभ में रहीं। वहीं अडानी पोर्ट्स, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाइटन पिछड़ने वालों में शामिल रहे।

### सीपीआई के आंकड़ों ने बाजार पर डाला असर

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार में व्यापक आशावाद देखा गया क्योंकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आठ साल के निचले स्तर पर पहुंच गया। इससे ऑटो और धातु क्षेत्र की अगुवाई में विवेकाधीन खर्च में सुधार की उम्मीदें बढ़ीं। वैश्विक स्तर पर, चीन द्वारा टैरिफ की समय-सीमा बढ़ाए जाने और तेल की कीमतों में नरमी से धारणा में सुधार हुआ।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी बढ़त

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग तेजी के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार हरे निशान में कारोबार कर रहे थे।

## रसना ने आइकॉनिक ब्रांड 'जंपिन' को फिर से भारतीय बाजार में उतारा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

दुनिया की सबसे बड़ी इंस्टेंट ड्रिंक निर्माता कंपनी रसना प्राइवेट लिमिटेड ने भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपना नया रेडी-टू-ड्रिंक फ्रूट जूस ब्रांड 'जंपिन' पेश किया है। 100% भारत में निर्मित यह जूस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'बी इंडियन, बाय इंडियन' अभियान से जुड़ा है और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में कंपनी का नया कदम है। कंपनी ने इस मौके पर देश की सुरक्षा बलों को सम्मानित करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए सीमा सुरक्षा बल के जवानों और उनके परिवारों को 'जंपिन' वितरित किया। रसना प्रा. लि. के ग्रुप चेयरमैन पीरूज खंबाटा ने कहा,



जंपिन हमारे प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप स्वदेशी सोच को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह पूरी तरह भारत में बना प्रोडक्ट है, जो भारतीय किसानों, एमएसएमई उद्योगों और देश की सप्लाई चेन को मजबूत करता है।" उन्होंने बताया कि जंपिन के शोध, सामग्री की खरीद, निर्माण और पैकेजिंग, सभी कार्य भारत में ही किए गए हैं। यह 'स्वदेशी आंदोलन', 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' की सोच को साकार करता है। जंपिन आम, संतरा, लीची और मिक्स फ्रूट जैसे फ्लेवर में उपलब्ध है। इसमें 10 आवश्यक विटामिन (जैसे विटामिन सी ) और केवल 7 ग्राम ऐडेड शुगर है, जो बाजार में मौजूद अधिकांश समान प्रोडक्ट्स की तुलना में लगभग आधी है। यह हर उम्र के लोगों के लिए उपयुक्त है और दैनिक जीवनशैली में आसानी से शामिल किया जा सकता है। यह पेट बोतलों (250 एमएल से 1.2 एल) और टेट्रा पैक (125 एमएल, 200 एमएलऔर 1 एल) पैकेजिंग में 10 से 85 की किफायती कीमत पर मिलेगा। खास बात यह है कि जंपिन ही 10 में 125 ml का ऑरेंज ड्रिंक टेट्रा पैक उपलब्ध कराता है।

## 19 अगस्त से खुलेगा जेम एरोमैटिक्स का आईपीओ

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

विशेष सामग्री निर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनी जेम एरोमैटिक्स लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का प्राइस बैंड 309 से 325 प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने बुधवार को घोषणा की कि 451 करोड़ के इस इश्यू के लिए आवेदन 19 अगस्त से 21 अगस्त तक किए जा सकेंगे। कंपनी के अनुसार, इस IPO में 175 करोड़ तक के नए इक्विटी शेयर जारी होंगे, जबकि 276.25 करोड़ मूल्य के 85 लाख शेयर बिक्री पेशकश (ऑफरफॉरसेल) के तहत उपलब्ध कराए जाएंगे। नई पूंजी का उपयोग कर्ज चुकाने और






सामान्य कॉरपोरेट जरूरतों के लिए किया जाएगा। जेम एरोमैटिक्स बीते दो दशकों से एसेंशियल ऑयल, एरोमैटिक केमिकल्स और वैल्यू-एडेड डेरिवेटिव्स के उत्पादन में सक्रिय है। कंपनी 4 श्रेणियों में 70 से अधिक उत्पाद बनाती है और खासतौर पर पुदीना और लौंग के तेल के लिए जानी जाती है। इसके अलावा, कंपनी फिनॉल, सिंथेटिक और प्राकृतिक तेलों का भी उत्पादन करती है।

## भारत बनेगा दुनिया में सबसे अधिक मांग वाला उपभोक्ता बाजार

**मुंबई।** भारत दुनिया का सबसे अधिक मांग वाला उपभोक्ता बाजार बनने के लिए तैयार है। मॉर्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारतीय बाजार एक प्रमुख ऊर्जा परिवर्तन से गुजरेगा, ऋण से जीडीपी अनुपात में वृद्धि देखेगा और विनिर्माण को जीडीपी में बड़ा हिस्सा प्राप्त होगा। भारत की जीडीपी में तेल पर निर्भरता लगातार कम हो रही है, जबकि निर्यात, खासकर सेवाओं का हिस्सा बढ़ रहा है। साथ ही, अगले तीन साल में राजकोषीय एकीकरण के तहत प्राथमिक अधिशेष की संभावना



है। इन कारकों से देश में बचत का असंतुलन घटेगा, जिससे संरचनात्मक रूप से वास्तविक ब्याज दरें कम रखने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट के अनुसार, आपूर्ति पक्ष और नीतिगत बदलावों, जैसे लचीले मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण, के चलते भारत में मुद्रास्फीति का उतार-चढ़ाव घटा है। इससे आने वाले वर्षों में ब्याज दरों और वृद्धि दर में अस्थिरता कम रहने की संभावना है।

## एसबीआई ने आईएमपीएस पर लगने वाले शुल्कों में किया बदलाव

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

भारतीय स्टेट बैंक ने खुदरा ग्राहकों के लिए तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) पर लगने वाले लेनदेन शुल्क बढ़ाने का एलान किया है। यह बदलाव 15 अगस्त, 2025 से लागू होगा। बैंक के अनुसार ऑनलाइन और शाखाओ पर यह वृद्धि अलग-अलग तरीके से लागू होगी। बैंक के अनुसार स्लैब में नए शुल्क लागू होंगे जबकि अन्य में बदलाव नहीं होगा।



### आईएमपीएस लेनदेन के लिए क्या शुल्क?

एसबीआई ने बैंक शाखाओं पर जाकर आईएमपीएस लेनदेन से जुड़े सेवा शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया है। सबसे कम देनदेन के मामले में शुल्क 2 रुपए और जीएसटी है, जबकि सबसे अधिक शाखा शुल्क 20 रुपए और जीएसटी है।

### 25,000 रुपए तक आईएमपीएस लेनदेन मुफ्त

बैंक के अनुसार ऑनलाइन यूजर्स के लिए 25,000 रुपए तक के छोटे मूल्य के आईएमपीएस लेनदेन मुफ्त रहेंगे। ऑनलाइन माध्यमों से किए गए 25,000 रुपए से अधिक मूल्य के लेनदेन पर 15 अगस्त, 2025 से मामूली शुल्क लगाया जाएगा। वेतन वाले खाताधारकों को ऑनलाइन आईएमपीएस हस्तांतरण पर पूरी छूट मिलती रहेगी। आईएमपीएस एक नई रीयल टाइल भुगतान सेवा है, जो चौबीसों घंटे उपलब्ध है।

## स्पाइसजेट ने पांच विमानों के लिए किया समझौता

**मुंबई।** घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने सर्दियों से पहले पांच बोइंग 737 विमानों के लिए समझौते को अंतिम रूप देने की बुधवार को जानकारी दी। इन विमानों को 'डैम्प-लीज' के आधार पर शामिल किया जा रहा है। 'डैम्प-लीज' के तहत एक विमानन कंपनी (पट्टा देने वाली) अपना विमान किसी दूसरी विमानन कंपनी



(पट्टा लेने वाली) को किराये पर देती है। इस व्यवस्था में विमान के साथ आमतौर पर चालक दल के सदस्यों जैसे पायलट और सह-पायलट आदि को भी साझा किया जाता है। विमानन कंपनियों के बेड़े पर नजर रखने वाली वेबसाइट प्लेनस्पॉटर डॉट नेट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, स्पाइसजेट के बेड़े में कुल 53 विमानों में से वर्तमान में 13 बोइंग-737 और छह क्षेत्रीय जेट विमान परिचालन में हैं। विभिन्न कारणों से 34 विमान उड़ान नहीं भर रहे थे।

# आईसीसी वनडे रैंकिंग में रोहित शर्मा का धमाका



▸▸ वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे

▸▸ शुभमन गिल नंबर 1 बैटर, कोहली-श्रेयस का भी जलवा

**एजेंसी । दुबई**

वेस्टइंडीज के खलिाफ 3 वनडे मैचों में बाबर आजम ने कुल 56 रन बनाए, इसका खामियाजा उनको इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसलि (ICC) की हालयिा रैंकिंग में देखने को मिला। बाबर आजम को धकेलकर रोहित शर्मा अब वनडे (ODI) रैंकिंग में नंबर 2 बल्लेबाज हो गए हैं। वहीं नंबर 1 बल्लेबाज शुभमन गिल हैं। वहीं विराट कोहली 736 पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल (720) पांचवें और श्रीलंका के चरिथ असालंका (719) छठे स्थान पर हैं। आयरलैंड के हैरी टेक्टर (708) सातवें, भारत के श्रेयस अय्यर (704) आठवें और अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान (676) नौवें स्थान पर हैं। टॉप 10 में श्रीलंका के कुसल मेंडिस (669) भी शामिल हैं। वहीं, वेस्टइंडीज के शाई होप (661) 11वें, ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड (650) 12वें और वेस्टइंडीज के केसी कार्टी (650) 13वें स्थान पर हैं। साउथ अफ्रीका के रस्सी वान डेर डुसन (648) 14वें पायदान पर हैं। इस रैंकिंग में भारत के 4 बल्लेबाज टॉप 10 में शामिल हैं, जो आने वाले बड़े वनडे टूर्नामेंटों से पहले टीम इंडिया के लिए सकारात्मक संकेत है।

### टी20 रैंकिंग में टीम डेविड ने मारी उछाल

ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बल्लेबाजों ने आईसीसी टी20 बैटिंग रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है. ताजा अपडेट में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अपने करियर की सबसे ऊंची रैंकिंग हासिल की है. ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड, जो साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले दो मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे हैं, 6 पायदान ऊपर चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं. यह उनके करियर की अब तक की सबसे बेहतरीन रैंकिंग है.

### डेवाल्ड ब्रेविस की रैंकिंग में भी बड़ा सुधार

ऑस्ट्रेलिया के कैमरून ग्रीन ने भी 6 पायदान की छलांग लगाकर टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में 17वां स्थान हासिल किया है। वहीं साउथ अफ्रीका के युवा खिलाड़ी डेवॉल्ड ब्रेविस इस अपडेट के सबसे बड़े स्टार रहे। ब्रेविस ने डार्विन में सीरीज के दूसरे मैच में शानदार 125 रन की पारी खेली, जिससे उन्होंने अपनी टीम को 1-1 से सीरीज बराबर कराने में मदद की। इस पारी के बाद वह टी20 बैटिंग रैंकिंग में टॉप 100 से सीधे 21वें स्थान पर पहुंच गए। यह किसी भी साउथ अफ्रीकी पुरुष बल्लेबाज का टी20 में सबसे बड़ा स्कोर है और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी अब तक का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। यह उनके करियर का सिर्फ नौवां टी20 इंटरनेशनल मैच था। दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स भी 12 पायदान चढ़कर संयुक्त रूप से 27वें स्थान पर आ गए हैं।

### न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों की रैंकिंग में सुधार...

टेस्ट रैंकिंग में न्यूजीलैंड के कई खिलाड़ियों ने जिम्बाब्वे को 2-0 से हराने के बाद बड़ी प्रगति की हैं। तेज गेंदबाज मैट हेनरी, जिन्होंने सीरीज में 16 विकेट लिए और 9।12 की औसत से शानदार गेंदबाजी की, एक पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर आ गए हैं। वो ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस से आगे निकल गए हैं। टेस्ट गेंदबाजों में फिलहाल जसप्रीत बुमराह पहले और रबाडा दूसरे स्थान पर हैं। टेस्ट बल्लेबाजों में न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र (15 स्थान ऊपर, 23वें), डेवोन कॉन्वे (7 स्थान ऊपर, 37वें) और हेनरी निकोल्स (6 स्थान ऊपर, 47वें) ने अच्छा प्रदर्शन कर रैंकिंग में सुधार किया है। वनडे रैंकिंग में भी हलचल देखने को मिली है। वेस्टइंडीज और पाकिस्तान की सीरीज के पहले दो मैचों के बाद गेंदबाजों की रैंकिंग में बदलाव हुआ है। वेस्टइंडीज के स्पिनर गुडकैश मोटी 5 पायदान चढ़कर 12वें, उनके साथी जेडन सील्स 24 स्थान ऊपर 33वें और पाकिस्तान के अबरार अहमद 3 स्थान ऊपर 54वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

---

सेंट लुई शतरंज

## शंकलैंड से हार के बाद गुकेश पांचवें स्थान पर, कारुआना को बढ़त

▸▸ दूसरे दिन गुकेश को झटका, रैंकिंग में फिसले

▸▸ कारुआना की बढ़त, अरोनियन दूसरे स्थान



**एजेंसी । सेंट लुई**

ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सेंट लुई रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट के दूसरे दिन विश्व चैंपियन डी. गुकेश को एक हार और दो ड्रॉ का सामना करना पड़ा। चौथे दौर में अमेरिका के अंतिम स्थान पर काबिज सैम शंकलैंड के खिलाफ हार ने उन्हें 10 खिलाड़ियों की सूची में छह अंकों के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर ला दिया। इसके बाद उन्होंने फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से ड्रॉ खेला। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना ने दिन की आखिरी बाजी में लेवोन अरोनियन को हराकर दो अंकों की बढ़त बना ली। कारुआना 12 संभावित अंकों में से 10 अंक लेकर रैपिड वर्ग में शीर्ष पर हैं, जबकि अरोनियन आठ अंकों के साथ वेस्ली सो के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं।

### बाकी खिलाड़ियों की स्थिति

मैक्सिम वचियर-लाग्रेव सात अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। गुकेश अमेरिकी खिलाड़ी लीनियर डोमिंगुएज पेरेज के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और वियतनाम के लिएम ले क्वांग पांच अंकों के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर हैं। अमेरिका के ग्रिगोरी ओपरिन तीन अंकों के साथ नौवें और सैम शंकलैंड दो अंकों के साथ अंतिम स्थान पर बने हुए हैं।

---

## यूपी योद्धा ने सुमित सांगवान को बनाया कप्तान

**एजेंसी । लखनऊ**

जीएमआर स्पोर्ट्स के स्वामत्वि वाली यूपी योद्धा ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के लिए स्टार डिफेंडर सुमित सांगवान को कप्तान और आशु सिंह को उप-कप्तान बनाया है। सुमित (26) और आशु (27) दोनों ने सीजन 7 में टीम में शामिल हुए थे और अब टीम के रक्षात्मक ढांचे के स्तंभ बन गए हैं। सुमित अपनी तेजी, समय और सामरिक बुद्धिमत्ता के लिए जाने जाते हैं। पिछले कुछ सीजन में वह लगातार लीग के शीर्ष डिफेंडरों में शुमार रहे हैं।



**टीम :** गुमान सिंह, डोंग जियोन ली, प्रणय राणे, भवानी राजपूत, सुरेंद्र गिल, गगन गौड़ा, शिवम चौधरी, केशव कुमार, जतिन सिंह (रेडर)। मोहम्मदरेजा कबौद्रहांगी, महेंद्र सिंह, रौनक नैन, सुमित सांगवान (कप्तान), आशु सिंह (उपकप्तान), साहुल कुमार, हितेश कादियान, जयेश महाजन, गंगाराम, सचिन मणिपाल (डिफेंडर)।

## वेस्टइंडीज ने 34 साल बाद पाकिस्तान से सीरीज जीती

**एजेंसी । तारूबा**

वेस्टइंडीज ने आखिरकार 34 साल बाद पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज जीत ली। कप्तान शाई होप की शतकीय पारी और तेज गेंदबाज जेडन सील्स (18/6) की घातक गेंदबाजी वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को तीसरे और अंतिम वनडे में 202 रन से करारी शिकस्त की। वेस्टइंडीज ने पाक पर अपनी सबसे बड़ी जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीती। चौथी बार पाक को 200 या उससे अधिक रन से हार मिली। होप ने 94 गेंदों में 10 चौकों और पांच छक्कों से नाबाद 120 रन की पारी खेली। होप ने जस्टिन ग्रीव्स (43) के साथ सातवें विकेट के लिए आठ ओवर में 110 रन की अटूट साझेदारी की




### 14 साल बाद कोई सीरीज जीती

वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ 14 साल बाद कोई सीरीज जीती। इससे पहले 2011 में टी-20 सीरीज जीती थी। इस दौरान दोनों ने सभी प्रारूप में 16 सीरीज खेली और पाक ने सभी में जीत दर्ज की। होप का 18 शतक होप 18वें शतक के साथ विंडीज की ओर से सर्वाधिक सैकड़े लगाने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। उन्होंने डेसमंड हेंस (17) को पीछे छोड़ा। उनसे आगे क्रिस गेल (25) और ब्रायन लारा (19) ही हैं।

### नंबर गेम

**6** विकेट चटकाए जेडन सील्स ने 18 रन देकर जिसमें से चार खाता भी नहीं खोल पाए

**110** रन जोड़े होप और ग्रीव्स ने। यह विंडीज की सातवें विकेट या उससे निचले क्रम के लिए तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी है

### पाक 10वीं बार 100 से पहले आउट


यह दसवां मौका है जब पाकिस्तान की टीम 100 से पहले आउट हो गई। इसमें यह चार बार वेस्टइंडीज ने उसे सौ से पहले समेटा। पिछले सात साल में पाक टीम का यह सबसे न्यूनतम स्कोर है। इससे पहले 2018 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 74 रन पर टीम ढेर हो गई थी।

## यास्तिका और राधा ने भारत ए को जीत दिलाई

▸▸ राधा यादव की गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया पर काबू

**एजेंसी । ब्रिस्बेन**

ब्रिस्बेन में खेले गए पहले महिला वनडे में भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को आठ ओवर शेष रहते तीन विकेट से हराया। इस जीत के साथ भारत ए ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। कप्तान और बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने 45 रन देकर तीन विकेट झटके, जिससे ऑस्ट्रेलिया ए की टीम 47.5 ओवर में 214 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए अनिका लियरयोड ने 90 गेंदों पर नाबाद 92 रन और रशेल ट्रेनमैन ने 62 गेंदों पर 51 रन बनाए, लेकिन टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही।



### यास्तिका भाटिया ने संभाली भारतीय पारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ए ने यास्तिका भाटिया के 70 गेंदों पर 59 रन और शेफाली वर्मा के 31 गेंदों पर 36 रन की मदद से 10.4 ओवर में पहले विकेट के लिए 77 रन जोड़े।

---

# बॉ ली वु ड





## 'एक चतुर नार' में नजर आएंगी दिव्या खोसला

अभिनेत्री दिव्या कुमार ने अपनी अगली फिल्म का ऐलान करते हुए दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। इस रोमांचक थ्रिलर का नाम है 'एक चतुर नार', जिसमें वह पहली बार अभिनेता नील नितिन मुकेश के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। फिल्म का निर्देशन उमेश शुक्ला कर रहे हैं, जो '102 नॉट आउट' और 'ओह माय गॉड' जैसी चर्चित और प्रशंसनीय फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। निर्माताओं ने फिल्म के दो मोशन पोस्टर भी जारी किए हैं, जिन्होंने दर्शकों की जिज्ञासा को और बढ़ा दिया है। इन पोस्टरों में दिव्या और नील दोनों की रहस्यमयी झलक देखने को मिलती है। एक तरफ जहां दिव्या के चेहरे पर आत्मविश्वास और चतुराई की चमक है, वहीं दूसरी तरफ नील का अंदाज गंभीर और सस्पेंस से भरा नजर आता है। बैकग्राउंड म्यूजिक और विजुअल्स से साफ है कि कहानी में रहस्य, चालाकी और दिमागी खेल का भरपूर तड़का होगा। फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। 'एक चतुर नार' 12 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मोशन पोस्टर शेयर करते हुए निर्माताओं ने लिखा, चतुराई की पहली झलक... आगे-आगे देखो होता है क्या?। 'एक चतुर नार', होशियारी शुरू 12 सितंबर से सिनेमाघरों में।

## 'निशानची' का पहला गाना 'डियर कंट्री' रिलीज




भारतीय सिनेमा के चर्चित और बेबाक फिल्मकार अनुराग कश्यप अपनी नई फिल्म 'निशानची' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। यह फिल्म कई मायनों में खास है, लेकिन सबसे बड़ा आकर्षण यह है कि इसके ज़रिए शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे के पोते ऐश्वर्य ठाकरे अभिनय की दुनिया में डेब्यू कर रहे हैं। ऐश्वर्य का यह पहला ही प्रोजेक्ट है और निर्माताओं ने इसे भव्य और दमदार अंदाज़ में पेश करने की तैयारी की है।

फिल्म 'निशानची' का पहला गाना हाल ही में 'डियर कंट्री' रिलीज़ किया गया, जिसे अपनी अनोखी और दमदार आवाज़ में विजय लाल यादव ने गाया है। गाने में देशभक्ति के साथ-साथ देसी रंग और लोक-संगीत की झलक है, जो इसे बाकी ट्रैक्स से अलग बनाती है। धुन सुनते ही यह कानों और दिल में बस जाती है। गाने के बोल सीधे-सीधे दिल को छूते हैं। अनुराग कश्यप ने गाने को शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, 'सुनो, देखो, बजाओ, और दिल से बोलो... हमें अपने प्यारे देश के लिए हमेशा मरने के लिए तैयार रहना चाहिए।' उनके इस संदेश ने फिल्म के टोन और थीम को और भी स्पष्ट कर दिया, यह सिर्फ एक कहानी नहीं, बल्कि एक भावनात्मक और प्रेरणादायक सफर है।

यह फिल्म 19 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। इसमें वेदिका पिंटो, मोनिका पंवार, मोहम्मद ज़ीशान अय्यूब, पीयूष मिश्रा, मनन भारद्वाज, वरुण ग्रोवर और कुमुद मिश्रा जैसे दमदार कलाकार भी नज़र आएंगे, जो अपने-अपने अंदाज़ में कहानी को गहराई देंगे। निर्माताओं ने इस मौके पर फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें ऐश्वर्य ठाकरे और वेदिका पिंटो के साथ पूरी

## "इनाम जीता तो कियारा के लिए कार, और मैं बनूंगा उनका ड्राइवर!"

कियारा आडवाणी का जादू सिर्फ फिल्मों में ही नहीं, बल्कि उनके चाहने वालों के दिलों में भी गहराई तक असर करता है। कौन बनेगा करोड़पति के ताज़ा एपिसोड में इसका एक शानदार उदाहरण देखने को मिला।




जब अमिताभ बच्चन ने एक कंटेस्टेंट से पूछा कि वह बड़ी रकम जीतने पर क्या करेंगे, तो उनका जवाब सीधा दिल में उतर गया, "एक लग्जरी कार खरीदूंगा और कियारा को उम्रभर अपनी पैसेंजर बनाऊंगा!" उन्होंने हंसते हुए यह भी जोड़ा। "मुझे कियारा का ड्राइवर बनने में भी कोई दिक्कत नहीं।" यह सुनकर स्टूडियो में तालियां और ठहाके गूंज उठे, और बिग बी भी इस मासूम इज़हार पर मुस्कुराए बिना नहीं रह पाए कियारा इस समय वॉर 2 में अपनी शानदार अदाकारी और पहले बिकिनी लुक से लेकर दमदार एक्शन तक सबको इंप्रेस कर रही हैं।

## नागार्जुन ने 'कुली : द पावरहाउस' में विलेन बनने के लिए 7 बार सुनी स्क्रिप्ट!

### 14 अगस्त को होगा मेगा रिलीज़

सन पिक्चर्स की मेगा पैन-इंडिया एक्शन स्पेक्टेकल 'कुलीः द पावरहाउस' कल यानी 14 अगस्त 2025 को दुनिया भर में रिलीज़ के लिए तैयार है। रजनीकांत-लोकेश कनगराज की इस फिल्म में पहली बार नागार्जुन बड़े पर्दे पर विलेन के रूप में नजर आने वाले हैं।



### लोकेश का विनम्र प्रस्ताव

एक इंटरव्यू में नागार्जुन ने खुलासा किया कि जब डायरेक्टर लोकेश कनगराज पहली बार उनके पास आए, तो उन्होंने बेहद विनम्रता से कहा-अगर मैं आपको एक विलेन का रोल ऑफर करूं तो आपको कोई आपत्ति तो नहीं होगी? अगर आप नहीं करना चाहें तो कोई बात नहीं। मैं बस एक कप चाय पियूँगा, बातें करूंगा और चला जाऊंगा।' नागार्जुन ने स्क्रिप्ट सुनने की इच्छा जताई और जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ी, वे पूरी तरह इसमें डूब गए। दमदार कहानी, गहराई वाला किरदार और लोकेश की भव्य सिनेमाई कल्पना ने उन्हें तुरंत आकर्षित कर लिया।

### सात बार सुनाई गई स्क्रिप्ट

किरदार से इतना जुड़ाव हुआ कि नागार्जुन ने लोकेश को 6-7 बार बुलाकर स्क्रिप्ट पर चर्चा की। हर बार सुनने के बाद उनकी उत्सुकता और यकीन बढ़ता गया, और उन्होंने तय कर लिया कि लिविंग लेजेंड रजनीकांत के साथ यह प्रोजेक्ट उन्हें जरूर करना है।

### 400 करोड़ का पावरहाउस

400 करोड़ बजट वाली इस मेगा-प्रोडक्शन फिल्म में रजनीकांत, आमिर खान, नागार्जुन, सत्यराज, उपेंद्र, साउबिन शाहीर और श्रुति हासन जैसे सितारे नजर आएंगे। फिल्म का उद्देश्य भारतीय एक्शन सिनेमा की परिभाषा बदलना है।

### लोकेश और सन पिक्चर्स का रिकॉर्ड

सन पिक्चर्स के बैनर तले और 'विक्रम', 'लियो', 'कैथी', 'मास्टर' जैसी हिट फिल्मों के निर्देशक लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी यह फिल्म, रिलीज़ से पहले ही देशभर में चर्चा और दीवानगी का केंद्र बन चुकी है।

## ऋतिक रोशन ने रजनीकांत को दी खास बधाई

बॉलीवुड के सुपरस्टार ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का अहम हिस्सा मानी जा रही यह एक्शन से भरपूर फिल्म 14 अगस्त, 2025 को बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। खास बात यह है कि बॉक्स ऑफिस पर इसका सीधा मुकाबला साउथ सिनेमा के लीजेंड रजनीकांत की मेगा बजट फिल्म 'कुली' से होगा। दर्शकों के बीच इस टकराव को लेकर पहले से ही भारी उत्साह है। लेकिन इस प्रतिस्पर्धा के माहौल में भी ऋतिक ने रजनीकांत के प्रति अपना सम्मान और स्नेह जाहिर करने में कोई कमी नहीं छोड़ी। हाल ही में उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर रजनीकांत के साथ अपनी एक पुरानी तस्वीर शेयर की, जो उनके करियर की शुरुआती यादों में से एक है। इस तस्वीर के साथ ऋतिक ने एक भावुक संदेश लिखा, एक अभिनेता के रूप में आपके साथ मैंने अपनी शुरुआत की। आप मेरे पहले शिक्षकों में से एक थे। आज भी आप एक प्रेरणा हैं। आपने एक मानक स्थापित किया है।



# डॉग लवर्स के लिए खुशखबरी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) बीआर गवई ने बुधवार को दिल्ली-NCR की सड़कों से आवारा कुत्तों पर लगे प्रतिबंध पर फिर से विचार करने आश्वासन दिया। CJI ने कॉन्फ्रेंस फॉर ह्यूमन राइट्स (इंडिया) की याचिका पर सुनवाई करते हुए टिप्पणी की। NGO की सचिव ननीता शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में मामले में सुनवाई के लिए जल्द तारीख तय करने की मांग की थी। CJI ने जब मामले की सुनवाई पहले होने की बात कही तो, याचिकाकर्ता ने 2024 में जस्टिस जेके माहेश्वरी की बेंच के आदेश का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि कुत्तों की बेहिसाब हत्या नहीं हो सकती।

**▶▶ सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- 8 हफ्तों में दिल्ली-NCR के आवारा कुत्तों को शेल्टर होम भेजें**

**▶▶ आवारा कुत्तों के मुद्दे पर फिर से सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई**



**8 हफ्तों में आश्रय स्थल और रिपोर्ट का निर्देश**

### मामला पहले से लंबित, नोटिस जारी हो चुका

अदालत को बताया गया कि यह मामला पहले से ही एक अलग पीठ के पास लंबित है और नोटिस भी जारी हो चुका है। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट के पुराने आदेश का हवाला दिया गया जिसमें आवारा कुत्तों को मारने पर रोक और मौजूदा कानूनों व नियमों के पालन का निर्देश दिया गया था। CJI गवई ने स्पष्ट किया कि दूसरी पीठ पहले ही आदेश पारित कर चुकी है।

### पिछले साल मई में कई मामले बंद करने का आदेश

गौरतलब है कि मई 2024 में जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस संजय करोल की पीठ ने आवारा कुत्तों से जुड़े कई मामलों को बंद करते हुए कहा था कि हाईकोर्ट और अन्य मंच स्थानीय मुद्दों पर स्वतंत्र रूप से निर्णय लें। हालांकि, सभी फैसले 2023 में बने नए नियमों के अनुरूप होने चाहिए, जिनका उद्देश्य जानवरों, खासकर कुत्तों, को अनावश्यक पीड़ा से बचाना है।

### दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों के 'आतंक' पर सख्त रुख

11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या पर कड़ा रुख अपनाते हुए दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद समेत पूरे एनसीआर में कुत्तों को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर रखने का आदेश दिया था। तुरंत कार्रवाई करने और कुत्तों को दूसरे इलाकों में भेजने के निर्देश दिए गए थे।

### सड़कें कुत्तों से मुक्त करने का लक्ष्य

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और रेबीज के खतरे को खत्म करने के लिए सड़कों को पूरी तरह आवारा कुत्तों से मुक्त करना होगा। कोर्ट ने गोद लेने की अनुमति से भी इंकार कर दिया और स्पष्ट किया कि इस मामले में केवल सरकार की सुनवाई होगी।

# सोमवार को भारत दौरे पर आएंगे चीनी विदेश मंत्री

**▶▶ सीमा मुद्दे पर एनएसए डोभाल के साथ करेंगे वार्ता**





**एजेंसी । नई दिल्ली**

चीन के विदेश मंत्री वांग यी सोमवार को भारत आ रहे हैं। वह राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधि (एसआर) तंत्र के तहत वार्ता करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। वांग यी का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी चीन के तियानजिन शहर की यात्रा तय है। प्रधानमंत्री शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। सूत्रों ने बताया कि वांग यी का भारत दौरा मुख्य रूप से सीमा विवाद को लेकर अगले दौर की विशेष प्रतिनिधि वार्ता को लेकर होगा।

### कजान में मोदी-जिनपिंग की मुलाकात के बात संबंधों में सुधार

सीमा से जुड़े मुद्दों पर वार्ता के लिए वांग यी और अजीत डोभाल दोनों को अपने-अपने देशों का विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। डोभाल पिछले साल दिसंबर में चीन गए थे और वहां उन्होंने वांग यी के साथ विशेष प्रतिनिधि वार्ता की थी।

### ट्रंप के टैरिफ के एलान के बाद करीब आ रहे भारत-चीन

भारत और चीन के संबंधों में यह गर्माहट ऐसे समय में देखने को मिल रही है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय सामानों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। ट्रंप के 50 फीसदी टैरिफ के एलान के बाद डोभाल ने रूस का भी दौरा किया था और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। भारत और चीन के बीच जून, 2020 में लद्दाख की गलवां घाटी में हिंसक झड़प हुई थी, जिसके बाद से दोनों देशों के संबंध निचले स्तर पर पहुंच गए थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### बीएसएफ ग्रुप बी और सी कर्मचारियों के लिए पहली कैडर समीक्षा को मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ग्रुप बी और सी के कांस्टेबल से लेकर इंस्पेक्टर तक के कर्मचारियों की पहली कैडर समीक्षा को मंजूरी दे दी है। इसका कार्यान्वयन शुरू हो चुका है। कार्यान्वयन में कुल 23,710 कर्मियों की तत्काल पदोन्नति शामिल होगी। विभिन्न रैंकों में कुल 8116 पदोन्नति आदेश आज जारी किये जा चुके हैं। सीमा सुरक्षा बल के मुताबिक, यह सरकार का एक महत्वपूर्ण मनोबल बढ़ाने वाला कदम होगा। बीएसएफ जवानों ने ऑपरेशन सिन्दूर में अहम भूमिका निभाई थी। ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सीमा सुरक्षा बल 'बीएसएफ' के जवानों की वीरता को खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी माना था। बीएसएफ जवानों ने सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया था।

### पंजाब में हथियारों की तस्करी करने वाले पांच गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब के जालंधर में मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी के नेटवर्क का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों के पास से 1.150 किलोग्राम हेरोइन और सात हथियार बरामद हुए हैं। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी और अवैध हथियारों के खिलाफ लड़ाई में यह एक बड़ी सफलता है।

### टेलीग्राम पर निवेश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की साइबर यूनिट ने फेसबुक और टेलीग्राम के जरिये चल रहे 6.103 करोड़ के एक हाई-प्रोफाइल ऑनलाइन निवेश घोटाले का भंडाफोड़ किया है। इस संबंध में पुलिस ने ग्रेटर नोएडा के कुलेसरा से हाईटेक जालसाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़ा गिरोह का मास्टरमाइंड कृष्ण कुमार मैकेनिकल इंजीनियरिंग से बीटेक कर चुका है। वह मोटे मुनाफे का झांसा देकर लोगों को फंसाता था। इस गिरोह के सदस्यों ने पहचान छिपाने के लिए फर्जी व्हाट्सऐप नंबर और वर्चुअल फोन लाइनों का इस्तेमाल किया। टेलीग्राम चैनल से जोड़कर फंसाता था साइबर सेल ने आरोपी द्वारा नियंत्रित एक शेल कंपनी, 'प्रियंका प्लेसमेंट एंड लोन सर्विसेज के खाते में 57 लाख का पता लगाया।

### राष्ट्रपति पुरस्कार हासिल करने वाली पंचायत मुखिया के घर रेड

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध शराब तस्करी मामले में बिहार में मुजफ्फरपुर, गुरुग्राम, नाहरलागुन, नामसाई और रांची में 7 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। ये कार्रवाई PMLA के तहत की जा रही है। ये कार्रवाई मुख्य सरगना सुनील भारद्वाज के करीबी लोगों पर की जा रही है। इस रेड के दौरान बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के सकरा प्रखंड बिशनपुर वघनगरी मॉडल पंचायत की मुखिया बबीता देवी के यहां भी ईडी ने सर्च की है। दिलचस्प बात है कि बबीता देवी राष्ट्रपति अवॉर्ड ले चुकी हैं। बबीता देवी के यहां ईडी की रेड की खबर से पूरे मुजफ्फरपुर में खलबली मची है। इससे पहले ईडी इस केस में छापेमारी कर करीब 9.31 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच कर चुकी है।

**पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश हत्याकांड**

# सीसीबी ने दाखिल किया 1150 पन्नों का आरोपपत्र

**▶▶ पत्नी पल्लवी को बनाया मुख्य आरोपी**



**एजेंसी । बेंगलुरु**

कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक (DGP) ओम प्रकाश की हत्या के मामले में बेंगलुरु की केंद्रीय अपराध शाखा (CCB) ने 1150 पन्नों का विस्तृत आरोपपत्र दाखिल किया है। इसमें उनकी पत्नी पल्लवी को मुख्य आरोपी के रूप में नामजद किया गया है। यह आरोपपत्र प्रथम एसीएमएम अदालत में पेश किया गया।

### 20 अप्रैल को हुई थी हत्या, CCB को सौंपी थी जांच

1981 बैच के आईपीएस अधिकारी ओम प्रकाश की 20 अप्रैल को बेंगलुरु के एचएसआर लेआउट स्थित उनके आवास पर हत्या कर दी गई थी। आरोप है कि पत्नी पल्लवी ने इस वारदात को अंजाम दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कर्नाटक सरकार ने जांच CCB को सौंपी थी।

### बेटी को मिली क्लीन चिट

आरोपपत्र में पल्लवी को मुख्य आरोपी बनाया गया है, जबकि उनकी बेटी कृति को किसी भी तरह की संलिप्तता के आरोप से मुक्त कर दिया गया है। जांच में यह निष्कर्ष निकला कि घटना के समय कृति घर की ऊपरी मंजिल पर थी और साजिश में उसकी कोई भूमिका

### पल्लवी न्यायिक हिरासत में

हत्या के बाद पल्लवी को गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में जेल में है। इस मामले ने राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरी थीं और पुलिस की उच्च स्तरीय जांच टीम लगातार सबूत जुटाने में लगी रही।

# कांग्रेस ने 'वोट चोरी' पर वीडियो किया जारी

**चुनाव आयोग को 'इलेक्शन चोरी आयोग' बताया**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

कांग्रेस ने मतदाता सूचियों में कथित 'धांधली' के खिलाफ अपने अभियान को तेज करते हुए बुधवार को एक वीडियो जारी किया। चुनाव आयोग को 'इलेक्शन चोरी आयोग' करार दिया। मुख्य विपक्षी दल ने अपने विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से जो एक मिनट का वीडियो जारी है उसमें दिखाया गया कि दो लोग एक मतदान केंद्र से बाहर निकलते हैं।



### कांग्रेस के अभियान के साथ जुड़ने की अपील

पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने भी यह वीडियो साझा कर लोगों से कांग्रेस के अभियान के साथ जुड़ने की अपील की। पिछले गुरुवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया था कि कर्नाटक में बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में एक लाख से अधिक मतों की 'चोरी' की गई, जबकि इस संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार को 32 हजार वोटों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता के दावे को आधारहीन बताया था और कहा था कि वह या तो शपथ पत्र दें या फिर माफी मांगें।

### 'वोट चोरी' के खिलाफ आवाज उठाइए

इस वीडियो में चुनाव आयोग के लिए 'इलेक्शन चोरी' आयोग लिखा गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मत छीनने दीजिए अपना वोट का अधिकार, सवाल कीजिए, जवाब मांगिए, इस बार। 'वोट चोरी' के खिलाफ आवाज उठाइए। संवैधानिक संस्थानों को भाजपा के चंगुल से छुड़ाइए।

# एक दिन में मिलेगा भारत का वीजा

**एजेंसी । मुंबई**

केंद्र सरकार ने वीजा जारी करने को लेकर बड़ा फैसला लेते हुए एक दिन में वीजा जारी करने की नियामकीय छूट लागू की है। नए नियमों के तहत, यदि सभी आवश्यक दस्तावेज सही और पूर्ण रूप से जमा किए गए हों, तो आवेदकों को एक ही दिन में भारत का वीजा मिल सकेगा।

**▶▶ अवैध प्रवासियों की निगरानी के लिए नए पोर्टल**




### वीजा श्रेणियों में कमी, प्रक्रिया में तेजी

मुख्य वीजा श्रेणियों की संख्या 26 से घटाकर 22 और उप-श्रेणियों की संख्या 104 से घटाकर 69 कर दी गई है। सरलीकरण के कारण वीजा जारी करने का औसत समय कई हफ्तों से घटकर अब एक दिन से भी कम हो गया है।

## नेपाल सीमा से हथियार तस्कर सलीम पिस्टल गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल ने नेपाल सीमा से देश के मोस्ट वांटेड हथियार तस्कर सलीम पिस्टल को गिरफ्तार किया है। सलीम पर देश के कई गैंगस्टरों को आधुनिक और विदेशी हथियारों की तस्करी करने का आरोप है। करीब 5 साल पहले दिल्ली पुलिस ने उसे 26 विदेशी पिस्टल और 800 कारतूस के साथ पकड़ा था, लेकिन जेल से बाहर आने के बाद वह विदेश भाग गया था। दिल्ली के जाफराबाद निवासी सलीम अहमद को अपराध की दुनिया में सलीम पिस्टल के नाम से जाना जाता है।


## चुनावी हिंसा और दुष्कर्म के आरोपी को सीबीआई ने पकड़ा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने वर्ष 2021 में पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान हिंसा और दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने इस संबंध में 30 अगस्त 2021 को मामला दर्ज किया था। सीबीआई ने पांच मई 2022 को विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी (पीओए) अधिनियम, तमलुक, पूर्व मेदिनीपुर की अदालत में आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। बाद में कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 25 सितंबर 2024 को आरोपी को जमानत दे दी थी। सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए सर्वोच्च न्यायालय में एक विशेष अनुमति याचिका दायर की थी। इस संबंध में नोटिस जारी होने के बाद भी न तो आरोपी और न ही उसका अधिवक्ता सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुआ। इसके बाद, दो अगस्त 2025 को आरोपी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया।




## तहव्वुर राणा को भाई से तीन बार बात करने की अनुमति

**जेल अधिकारियों की मौजूदगी में होगी कॉल, रिकॉर्डिंग भी अनिवार्य**



**एजेंसी । नई दिल्ली**

**पटियाला।** पटियाला हाउस कोर्ट ने मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को इस महीने अपने भाई से तीन बार फोन पर बातचीत करने की अनुमति दे दी है। यह अनुमति निजी वकील रखने के मुद्दे पर चर्चा करने के उद्देश्य से दी गई है। विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने बुधवार को चैंबर में हुई सुनवाई के बाद आदेश पारित किया। राणा को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया और उसकी न्यायिक हिरासत 8 सितंबर तक बढ़ा दी गई। अदालत ने स्पष्ट किया कि कॉल अंग्रेजी या हिंदी में होंगी, जेल अधिकारी मौजूद रहेंगे और सभी बातचीत रिकॉर्ड की जाएगी।

### कानूनी दस्तावेजों की जांच के लिए समय मांगा

वर्तमान में राणा के कानूनी सहायता वकील पीयूष सचदेवा ने अदालत से आरोपपत्र और पूरक आरोपपत्र में मौजूद कुछ दस्तावेजों की जांच के लिए अतिरिक्त समय देने का अनुरोध किया है।

# अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में सुरेश रैना के बयान दर्ज



**▶▶ नई दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में पहुंचे थे पूर्व क्रिकेटर**

**एजेंसी । नई दिल्ली/हैदराबाद**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बुधवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना से पूछताछ की। रैना सुबह करीब 11 बजे दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे, जहां पीएमएलए के तहत उनका बयान दर्ज किया गया। सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी ने उनसे ऐप से जुड़े विज्ञापनों, उससे हुई कमाई और दोनों पक्षों के बीच संचार के बारे में सवाल पूछे।

### गूगल और मेटा के प्रतिनिधियों से भी पूछताछ

इस मामले में ईडी पहले ही गूगल और मेटा के प्रतिनिधियों को तलब कर पूछताछ कर चुकी है। जांच एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि ऐप के प्रचार-प्रसार और पैसों के लेनदेन में किन-किन का योगदान रहा।

### 'परिमैच' ऐप के खिलाफ बहु-राज्य तलाशी

मंगलवार को ईडी ने 'परिमैच' नामक ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप के खिलाफ कई राज्यों में तलाशी अभियान चलाया था। यह ऐप कथित तौर पर बड़े पैमाने पर सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधियों में लिप्त है।

### तेलुगु अभिनेत्री लक्ष्मी मांचू भी हुईं पेश

हैदराबाद में बुधवार को तेलुगु अभिनेत्री लक्ष्मी मांचू भी इसी मामले में ईडी के समक्ष पेश हुईं। इससे पहले एजेंसी ने पिछले महीने प्रकाश राज, विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबाती और लक्ष्मी मांचू को समन जारी किया था। इन सभी से ऐप के प्रचार और उससे जुड़ी वित्तीय गतिविधियों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

**रिपोर्ट** संसदीय समिति ने जताई चिंता, संविदा नियुक्तियों पर रोक की सिफारिश

# देश भर में शिक्षकों के 10 लाख पद रिक्त

**एजेंसी । नई दिल्ली**

संसदीय समिति की ताज़ा रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि देशभर में स्कूली शिक्षा में लगभग 10 लाख शिक्षकों के पद खाली हैं। समिति ने बार-बार सिफारिश करने के बावजूद स्थायी नियुक्तियों के बजाय संविदा शिक्षकों की भर्ती पर नाराज़गी जताई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्रीय विद्यालय (केवी) और नवोदय विद्यालय (एनवी) जैसे केंद्र सरकार के स्कूलों में भी 30 से 50% पद रिक्त हैं।



### प्राथमिक स्तर पर 7.5 लाख पद खाली

सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) के तहत वित्त पोषित स्कूलों में प्राथमिक स्तर पर ही लगभग 7.5 लाख पद खाली हैं। समिति ने कहा कि शिक्षकों की सेवानिवृत्ति और स्थायी भर्ती नीति के अभाव में यह समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है।

### 31 मार्च 2026 तक स्थायी भर्ती का निर्देश

समिति ने अपनी 349वीं और 363वीं रिपोर्ट में दोहराया कि भारत सरकार द्वारा संचालित विद्यालयों में रिक्त पदों को 31 मार्च 2026 से पहले स्थायी शिक्षकों से भरा जाए और संविदा नियुक्तियों को बंद किया जाए। समिति का कहना है कि संविदा व्यवस्था, न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करती है, बल्कि आरक्षण के संवैधानिक प्रावधानों को भी कमजोर करती है।

### निर्देशों का पालन न करने वाले राज्यों का आवंटन

समिति ने सुझाव दिया है कि जो राज्य स्थायी भर्ती के निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके एसएसए कोष का आवंटन तब तक रोका जाए जब तक वे केंद्र सरकार के निर्देशों का पालन न कर लें। समिति ने सुझाव दिया कि शिक्षक शिक्षा को दो स्तरों में लागू किया जाए प्राथमिक शिक्षक, जो पूर्व-प्राथमिक से कक्षा 5 तक सभी विषय पढ़ा सकें, और विषय-विशेषज्ञ शिक्षक, जो कक्षा 6 से 12 तक पढ़ाएं।

# 'नशा मुक्त भारत' रैली में शामिल हुए मुख्यमंत्री

### 600 से अधिक छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**एजेंसी । आइजोल**

मिजोरम की राजधानी आइजोल में बुधवार को 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत राज्य स्तरीय और आइजोल जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर "ड्रग्स के खिलाफ रैली" निकाली गई, जिसमें विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के 600 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।




### मुख्यमंत्री प्रतिभागियों के साथ पैदल चलते हुए नजर आए

रैली के लिए दो प्रारंभिक स्थल, चानमारी और सिकुलपुइकॉन, निर्धारित किए गए थे। इन दोनों स्थानों से रैली निकलकर लाम्मुआल में एकत्रित हुई, जहां मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री ने चानमारी से रैली को रवाना किया।